इस पुस्तिका में 64 मुद्रित पृष्ठ हैं।
This Booklet contains 64 printed pages.

**SKS16–II**

परीक्षा पुस्तिका संख्या
Test Booklet No. 2423289

# प्रश्न-पत्र—II / PAPER—II
# मुख्य परीक्षा पुस्तिका / MAIN TEST BOOKLET

परीक्षा पुस्तिका संकेत
Test Booklet Code

**II**

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. OMR उत्तर-पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल काले/नीले बॉलपॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½** घण्टे है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर-पत्र पर निशान लगाने के लिए केवल **काले/नीले बॉलपॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का संकेत **II** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर-पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हो, तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में पाँच भाग—I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग–I | : बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र | (प्रश्न सं० 1–30) |
| भाग–II | : गणित और विज्ञान | (प्रश्न सं० 31–90) |
| भाग–III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | (प्रश्न सं० 31–90) |
| भाग–IV | : भाषा–I (अंग्रेजी/हिन्दी) | (प्रश्न सं० 91–120) |
| भाग–V | : भाषा–II (अंग्रेजी/हिन्दी) | (प्रश्न सं० 121–150) |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न सं० 31 से 90 या तो भाग–II (गणित और विज्ञान) या भाग–III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।
7. भाग–IV में भाषा–I के लिए 30 प्रश्न और भाग–V में भाषा–II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेजी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। यदि भाषा–I और/या भाषा–II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेजी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लें। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वे आवेदन-पत्र/प्रवेश-पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए।
8. परीक्षार्थी भाषा–II (भाग–V) के लिए उसी भाषा के प्रश्नों के उत्तर दें जो उनके द्वारा भाषा–I (भाग–IV) में चुनी भाषा से भिन्न हो।
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।

## *Instructions for Candidates :*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **Black/Blue** Ballpoint Pen only.
2. The test is of **2½ hour** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Black/Blue Ballpoint Pen only** for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **II**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **Five** Parts—I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1–30) |
| Part-II | : Mathematics and Science | (Q. Nos. 31–90) |
| Part-III | : Social Studies/Social Science | (Q. Nos. 31–90) |
| Part-IV | : Language–I (English/Hindi) | (Q. Nos. 91–120) |
| Part-V | : Language–II (English/Hindi) | (Q. Nos. 121–150) |

6. Candidates have to do Question Nos. 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part-III (Social Studies/Social Science).
7. Part-IV contains 30 questions for Language–I and Part–V contains 30 questions for Language–II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi Language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language–I and/or Language–II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet that contains questions on that Language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form/Admit Card.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Name of the Candidate (in Capitals)

अनुक्रमांक (अंकों में) : ____________________
Roll Number (in figures)

(शब्दों में) : ____________________
(in words)

परीक्षा-केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ____________________
Centre of Examination (in Capitals)

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ____________________
Candidate's Signature

निरीक्षक के हस्ताक्षर : ____________________
Invigilator's Signature

Facsimile Signature Stamp of Centre Superintendent ____________________

Scanned by CamScanner

## PART—I / भाग—I

### CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास और शिक्षा-शास्त्र

***Directions :*** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

1. Two students read the same passage yet construct entirely different interpretations of its meaning. Which of the following is **true** about them?
   (1) It is not possible and the students need to re-read the passage.
   (2) It is possible because the teacher has not explained the passage.
   (3) It is possible because different factors affect learning of individuals in varied ways.
   (4) It is not possible because learning is not meaning-making.

2. According to the National Curriculum Framework, 2005, learning is _____ and _____ in its character.
   (1) active; social
   (2) passive; simple
   (3) passive; social
   (4) active; simple

3. To enable students to think independently and become effective learners, it is important for a teacher to :
   (1) offer rewards for each success achieved by the students
   (2) teach students how to monitor their own learning
   (3) give information in small units or chunks
   (4) present information in an organized manner to make it easier to recall

4. If a teacher wants her students to acquire problem-solving skills, the students should be engaged in activities that involve :
   (1) structured worksheets containing multiple-choice questions
   (2) recall, memorization and comprehension
   (3) drill and practice
   (4) inquiring, reasoning and decision making

***निर्देश :*** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

1. दो विद्यार्थी एक ही अवतरण को पढ़ते हैं, फिर भी इसके बिलकुल भिन्न अर्थ लगाते हैं। उनके बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य है?
   (1) संभव नहीं है और विद्यार्थियों को उसे दुबारा पढ़ना चाहिए।
   (2) संभव है, क्योंकि शिक्षक ने अवतरण को समझाया नहीं है।
   (3) संभव है, क्योंकि व्यक्ति के अधिगम को विविध कारण विभिन्न विधियों से प्रभावित करते हैं।
   (4) संभव नहीं है, क्योंकि अधिगम का आशय अर्थ लगाना नहीं है।

2. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005 के अनुसार अधिगम अपने स्वभाव में _____ और _____ है।
   (1) सक्रिय; सामाजिक
   (2) निष्क्रिय; सरल
   (3) निष्क्रिय; सामाजिक
   (4) सक्रिय; सरल

3. विद्यार्थियों को स्वतंत्र रूप से चिंतन करने तथा प्रभावी शिक्षार्थी बनने में सक्षम बनाने हेतु शिक्षक के लिए यह महत्त्वपूर्ण है :
   (1) विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त की गई प्रत्येक सफलता के लिए उन्हें पुरस्कार देना
   (2) विद्यार्थियों को सिखाना कि किस प्रकार से अपने अधिगम का अनुवीक्षण करें
   (3) छोटी-छोटी इकाइयों या खंडों में जानकारी प्रदान करना
   (4) एक संघटित तरीके से जानकारी को प्रस्तुत करना ताकि पुनःस्मरण करने में सरल हो

4. यदि कोई शिक्षिका चाहे कि उसके विद्यार्थी समस्या-समाधान कौशल प्राप्त कर ले, तो विद्यार्थियों को ऐसे क्रियाकलापों में लगाना चाहिए जिनमें हो :
   (1) बहुविकल्पी प्रश्नों वाले स्तरीकृत कार्यपत्रक
   (2) प्रत्यास्मरण, रटना और समझना
   (3) ड्रिल और अभ्यास
   (4) पूछना, तर्क करना और निर्णय लेना



Scanned by CamScanner

5. Knowing the naive conceptions that students bring to the classroom :

(1) pulls down the teacher's morale since it increases his work

(2) does not serve any purpose of the teacher

(3) helps the teacher to plan teaching more meaningfully

(4) hampers the teacher's planning and teaching

6. Which of the following factors affect learning?

A. Motivation of the learner

B. Maturation of the learner

C. Teaching strategies

D. Physical and emotional health of the learner

(1) A, B, C and D

(2) A and B

(3) A and C

(4) A, B and C

7. Meaningful learning is :

(1) pairing and association between the stimulus and the response

(2) imitation of adults and more able peers

(3) passive receiving of the given information

(4) active creation of knowledge structures from personal experience

8. Which of the following is **not** one of the primary tasks of a teacher for effective student learning?

(1) Transmitting information to the students in a didactic manner

(2) Knowing the concepts that students bring to the classroom

(3) Requiring students to respond to higher-order questioning

(4) Teaching students how to monitor and improve their own learning by effort

5. कक्षा तक पहुँचने वाली बच्चों की भोली अवधारणाओं को जानना :

(1) शिक्षक के हौसले को पस्त कर देता है क्योंकि इससे उसका कार्यभार बढ़ता है

(2) शिक्षक के किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करता

(3) शिक्षक के लिए अपने शिक्षण को अधिक सार्थक बनाने की योजना बनाने में सहायक होता है

(4) शिक्षक की योजना और शिक्षण में रुकावट बनता है

6. निम्नलिखित में से कौन-से तत्त्व अधिगम को प्रभावित करते हैं?

A. शिक्षार्थी का उत्प्रेरण

B. शिक्षार्थी की परिपक्वता

C. शिक्षण युक्तियाँ

D. शिक्षार्थी का शारीरिक और संवेगात्मक स्वास्थ्य

(1) A, B, C और D

(2) A और B

(3) A और C

(4) A, B और C

7. सार्थक अधिगम है :

(1) उद्दीपक तथा उत्तर के बीच युग्मन तथा साहचर्य

(2) वयस्कों और अधिक सक्षम साथियों का अनुकरण

(3) दी गई सूचना का निष्क्रिय ग्रहण

(4) निजी अनुभवों से ज्ञान की संरचनाओं का सक्रिय निर्माण

8. विद्यार्थियों के प्रभावशाली अधिगम के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा, शिक्षक के प्रारंभिक कार्यों में से एक नहीं है?

(1) विद्यार्थियों को उपदेशात्मक विधि से सूचना प्रदान करना

(2) विद्यार्थियों की उन धारणाओं को जानना जिन्हें लेकर वे कक्षा में आते हैं

(3) विद्यार्थियों से उच्चतर स्तर के प्रश्नों के उत्तर की अपेक्षा करना

(4) बच्चों को यह सिखाना कि वे अपने अधिगम प्रयासों को कैसे देख और सुधार सकते हैं



Scanned by CamScanner

9. Which of the following statements about principles of development is **incorrect**?

(1) Development depends on maturation and learning.

(2) Development takes place due to a constant interaction between heredity and environment.

(3) Every child goes through stages of development, yet there are wide individual differences among children.

(4) Development is a quantitative process which can be measured precisely.

10. The unique interaction of _____ and _____ can result in different paths and outcomes of development.

(1) challenges; limitations

(2) heredity; environment

(3) stability; change

(4) exploration; nutrition

11. Which of the following is **true** of school and socialization?

(1) School is an important agent of socialization.

(2) School does not play any role in socialization.

(3) School plays very little role in socialization.

(4) School is the first primary agent of socialization.

12. Which of the following statements is **correct** about Jean Piaget's theory of cognitive development?

(1) Piaget argues that instead of progressing through stages, cognitive development is continuous.

(2) Piaget has proposed five distinct stages of cognitive development.

(3) The stages are invariant which means that no stage can be skipped.

(4) The sequence of the stages can vary according to the cultural context of children.

9. विकास के सिद्धांतों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **ग़लत** है?

(1) विकास परिपक्वन और अधिगम पर आधारित होता है।

(2) विकास वंशानुगतता और वातावरण के बीच सतत अन्योन्यक्रिया से होता है।

(3) प्रत्येक बच्चा विकास के चरणों से गुजरता है फिर भी बच्चों में वैयक्तिक भिन्नताएँ बहुत होती हैं।

(4) विकास एक परिमाणात्मक प्रक्रिया है जिसका ठीक-ठीक मापन हो सकता है।

10. _____ तथा _____ की विशिष्ट अन्योन्यक्रिया का परिणाम विकास के विविध मार्गों और निष्कर्षों के रूप में हो सकता है।

(1) चुनौतियाँ; सीमाएँ

(2) वंशानुक्रम; पर्यावरण

(3) स्थिरता; परिवर्तन

(4) खोज; पोषण

11. विद्यालय और समाजीकरण के बारे में निम्नलिखित में से क्या **सत्य** है?

(1) विद्यालय समाजीकरण का एक महत्त्वपूर्ण कारक है।

(2) समाजीकरण में विद्यालय की कोई भूमिका नहीं होती।

(3) समाजीकरण में विद्यालय की बहुत थोड़ी भूमिका होती है।

(4) विद्यालय समाजीकरण का पहला मुख्य कारक है।

12. जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के बारे में निम्नलिखित कथनों में से **सही** कथन कौन-सा है?

(1) पियाजे का तर्क है कि संज्ञानात्मक विकास, चरणों में आगे बढ़ने की अपेक्षा निरंतर होता है।

(2) पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास के पाँच स्पष्ट चरण प्रस्तावित किए हैं।

(3) किसी चरण को छोड़ा नहीं जा सकता क्योंकि ये चरण स्थिर हैं।

(4) बच्चों के सांस्कृतिक आधार के अनुसार इन चरणों का क्रम बदला जा सकता है।



Scanned by CamScanner

13. The concept of 'conservation' as proposed by Jean Piaget means that :
(1) it is important to protect wildlife and forests
(2) certain physical properties remain the same even when outward appearances change
(3) one can arrive at the correct conclusion by systematically testing hypothesis
(4) taking the perspective of others into consideration is an important cognitive ability

14. Match the following in the light of Howard Gardner's theory of Multiple Intelligence :

| Type of Intelligence | End State |
|---|---|
| (a) Musical | (i) Therapist |
| (b) Linguistic | (ii) Poet |
| (c) Interpersonal | (iii) Athlete |
| (d) Spatial | (iv) Violinist |
| | (v) Sculptor |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | v | ii | iv | i |
| (2) | ii | iv | i | v |
| (3) | iv | ii | i | v |
| (4) | iv | ii | v | iii |

15. According to Lev Vygotsky :
(1) interaction with adults and peers does not influence language development
(2) language development changes the nature of human thought
(3) culture plays a very small role in language development
(4) children learn language through a language acquisition device

16. Lawrence Kohlberg's theory of moral reasoning has been criticized on several counts. Which of the following statements is **correct** in the context of this criticism?
(1) Kohlberg has not given typical responses to each stage of moral reasoning.
(2) Kohlberg has duplicated Piaget's methods of arriving at his theoretical framework.
(3) Kohlberg's theory does not focus on children's responses.
(4) Kohlberg has based his study primarily on a male sample.

13. जीन पियाजे के द्वारा प्रस्तुत 'संरक्षण' के प्रत्यय से तात्पर्य है कि :
(1) वन्यजीवन और वनों का संरक्षण बहुत महत्त्वपूर्ण है
(2) कुछ भौतिक गुणधर्म वही रहते हैं चाहे बाहरी आकृतियाँ बदल जाएँ
(3) परिकल्पना पर विधिवत् परीक्षण से सही निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है
(4) दूसरों के परिदृश्य को ध्यान में रखना एक महत्त्वपूर्ण संज्ञानात्मक क्षमता है

14. हॉवर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत के अनुसार निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| बुद्धि का प्रकार | अंत अवस्था |
|---|---|
| (a) संगीतात्मक | (i) चिकित्सक |
| (b) भाषिक | (ii) कवि |
| (c) अंतर्वैयक्तिक | (iii) खिलाड़ी |
| (d) स्थानिक | (iv) वायलिन-वादक |
| | (v) मूर्तिकार |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | v | ii | iv | i |
| (2) | ii | iv | i | v |
| (3) | iv | ii | i | v |
| (4) | iv | ii | v | iii |

15. लेव वाइगोत्स्की के अनुसार :
(1) वयस्कों और साथियों से अन्योन्यक्रिया करने का भाषा के विकास में कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(2) भाषिक विकास मानव चिंतन के स्वभाव को बदल देता है
(3) भाषिक विकास में संस्कृति की भूमिका बहुत कम होती है
(4) बच्चे भाषा अर्जन की एक युक्ति से कोई भाषा सीखते हैं

16. लॉरेंस कोलबर्ग के नैतिक तर्क के सिद्धांत की अनेक बातों के लिए आलोचना की जाती है। इस आलोचना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?
(1) कोलबर्ग ने नैतिक तर्क के प्रत्येक सोपान के लिए विशेष उत्तर नहीं दिया है।
(2) अपनी सैद्धांतिक रूपरेखा पर पहुँचने के लिए कोलबर्ग ने पियाजे के सिद्धांतों को दोहराया है।
(3) कोलबर्ग का सिद्धांत बच्चों के प्रत्युत्तरों पर ध्यान-केंद्रित नहीं करता।
(4) कोलबर्ग ने अपने अध्ययन को मूलतः पुरुषों के नमूनों पर आधृत रखा है।


Scanned by CamScanner

17. Which of the following highlights assessment for learning?

(1) The teacher assesses conceptual understanding of the students besides focussing on the processes of thinking.

(2) The teacher assesses the students by comparing their responses to 'standard' responses.

(3) The teacher assesses the students based on the information given in the textbooks.

(4) The teacher assesses a student based on his/her performance in comparison to others.

18. 'Child-centred' pedagogy means :

(1) the teacher dictating the children what should be done

(2) giving primacy to children's experiences and their voices

(3) enabling the children to follow prescribed information

(4) the teacher leading all the learning in the classroom

19. Which of the following statements describes Piaget and Vygotsky's views on language and thought **correctly**?

(1) According to Vygotsky, thought emerges first and according to Piaget, language has a profound effect on thought.

(2) According to Piaget, thought emerges first and according to Vygotsky, language has a profound effect on thought.

(3) Both view thought as emerging from the child's language.

(4) Both view language as emerging from the child's thought.

20. Watching her granddaughter arguing with her father for going on a school trip, the grandmother says, "Why can't you be obedient like a good girl? Who will marry you if you behave like a boy?" This statement reflects which of the following?

(1) Gender constancy

(2) Gender stereotypes about attributes of girls and boys

(3) Improper gender identification of the girl

(4) Difficulties faced by families in child-rearing

17. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम के आकलन को उजागर करता है?

(1) शिक्षक विद्यार्थियों की चिंतन प्रक्रियाओं पर ध्यान देने के अलावा उनकी अवधारणात्मक समझ का भी आकलन करता है।

(2) शिक्षक 'मानक' उत्तरों से विद्यार्थियों के उत्तरों की तुलना करके उनका आकलन करता है।

(3) शिक्षक पाठ्य-पुस्तकों में दी गई जानकारी के आधार पर विद्यार्थियों का आकलन करता है।

(4) शिक्षक किसी विद्यार्थी के निष्पादन का आकलन दूसरों के निष्पादन की तुलना में करता है।

18. 'बालकेंद्रित' शिक्षा-शास्त्र का अर्थ है :

(1) शिक्षक द्वारा बच्चों को आदेश देना कि क्या किया जाना चाहिए

(2) बच्चों के अनुभवों और उनकी आवाज को प्रमुखता देना

(3) निर्धारित सूचना का अनुसरण करने में बच्चों को सक्षम बनाना

(4) कक्षा में सारी बातें सीखने के लिए शिक्षक का आगे-आगे होना

19. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भाषा और विचार के बारे में पियाजे और वाइगोत्स्की के दृष्टिकोण का **सही** वर्णन करता है?

(1) वाइगोत्स्की के अनुसार पहले विचार जन्म लेता है और पियाजे के अनुसार भाषा का विचार पर भारी प्रभाव पड़ता है।

(2) पियाजे के अनुसार पहले विचार जन्म लेता है और वाइगोत्स्की के अनुसार भाषा का विचार पर भारी प्रभाव पड़ता है।

(3) दोनों मानते हैं कि बच्चे की भाषा से विचार जन्म लेते हैं।

(4) दोनों भाषा को बच्चे के विचारों से जन्म लेती हुई मानते हैं।

20. विद्यालय-यात्रा पर जाने के लिए पोती को अपने पिता से बहस करते हुए देखकर दादी कहती है, ''तुम अच्छी लड़की की तरह आज्ञाकारी क्यों नहीं हो? तुम लड़कों की तरह व्यवहार करोगी तो तुम से कौन शादी करेगा?'' यह कथन निम्नलिखित में से किसको प्रतिबिम्बित करता है?

(1) लिंग समरूपता

(2) लड़कियों और लड़कों के स्वभाव के बारे में रूढ़िबद्ध धारणा

(3) लड़की के लिंग की ग़लत पहचान

(4) बच्चों के पालन-पोषण में परिवार की कठिनाइयाँ



Scanned by CamScanner

21. Which of the following statements about assessment are **correct**?

A. Assessment should help students see their strengths and gaps and help the teacher fine-tune her teaching accordingly.

B. Assessment is meaningful only if comparative evaluations of students are made.

C. Assessment should assess not only memory but also understanding and application.

D. Assessment cannot be purposeful if it does not induce fear and anxiety.

(1) B and C

(2) A and B

(3) B and D

(4) A and C

22. According to the Right to Education Act, 2009, children with special needs should study :

(1) at home with their parents and caregivers providing necessary support

(2) in special schools created exclusively for them

(3) in inclusive education setups with provisions to cater to their individual needs

(4) in vocational training centres which would prepare them for life skills

23. An effective teacher in a classroom, where students come from diverse backgrounds, would :

(1) push students from deprived backgrounds to work hard so that they can match up with their peers

(2) focus on their cultural knowledge to address individual differences among the group

(3) ignore cultural knowledge and treat all his students in a uniform manner

(4) create groups of students with those from the same economic background put together

21. आकलन के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन **सही हैं**?

A. आकलन से विद्यार्थियों को यह सहायता मिलनी चाहिए कि वे अपनी शक्तियों और रिक्तियों को देख सकें और शिक्षक तदनुसार उन्हें ठीक कर सकें।

B. आकलन तभी सार्थक होता है जब विद्यार्थियों का तुलनात्मक मूल्यांकन भी हो।

C. आकलन केवल स्मरणशक्ति का ही नहीं, बोधन और अनुप्रयोग का भी होना चाहिए।

D. आकलन तब तक उद्देश्यपूर्ण नहीं हो सकता जब तक उससे भय और चिंता का संचार न हो।

(1) B और C

(2) A और B

(3) B और D

(4) A और C

22. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ना चाहिए :

(1) घर पर माता-पिता और देखभाल करने वालों के साथ जो उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएँ

(2) खासतौर पर उन्हीं के लिए बनाए गए विशेष विद्यालयों में

(3) समावेशी शिक्षा व्यवस्था में इस प्रावधान के साथ कि उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके

(4) व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों में जो उन्हें जीवन कौशलों के लिए तैयार करेंगे

23. जिस कक्षाकक्ष में विविध पृष्ठभूमि से विद्यार्थी आते हों, वहाँ एक प्रभावी शिक्षक :

(1) वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करने के लिए कहेगा ताकि वे अपने साथियों के बराबर पहुँच सकें

(2) समूह में वैयक्तिक भिन्नता को बताने के लिए उनकी सांस्कृतिक जानकारी पर ध्यान देगा

(3) सांस्कृतिक जानकारी की अनदेखी करेगा और एक सर्वमान्य तरीके से अपने सभी विद्यार्थियों के साथ व्यवहार करेगा

(4) समान आर्थिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों का समूह बनाएगा और उन्हें एक साथ रखेगा



Scanned by CamScanner

**24.** Match the following principles of development with their correct descriptions :

| | Principle | | Description |
|---|---|---|---|
| (a) | Proximodistal trend | (i) | Different children develop at different rates |
| (b) | Cephalocaudal trend | (ii) | Head to toe sequence |
| (c) | Interindividual differences | (iii) | In a single child, the rate of development can vary from one domain of development to the other |
| (d) | Intraindividual differences | (iv) | From the centre of body to outwards |
| | | (v) | Progression from simple to complex |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | v | ii | i | iii |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | iv | ii | i | iii |

**25.** Which of the following statements about cognition and emotions is **correct**?

(1) Cognition and emotions are intertwined and affect each other.

(2) Cognition and emotions are processes independent of each other.

(3) Cognition affects emotions but emotions do not affect cognition.

(4) Emotions affect cognition but cognition does not affect emotions.

**26.** In an inclusive classroom with diverse learners, cooperative learning and peer-tutoring

(1) should be used only sometimes since it promotes comparison with classmates

(2) should be actively discouraged and competition should be promoted

(3) should be actively promoted to facilitate peer-acceptance

(4) should not be practised and students should be segregated based on their abilities

**24.** निम्नलिखित विकास के सिद्धांतों का उनके सही वर्णन से मिलान कीजिए :

| | सिद्धांत | | वर्णन |
|---|---|---|---|
| (a) | समीप-दूराभिमुख दिशा | (i) | विभिन्न बच्चे भिन्न-भिन्न दर से बढ़ते हैं |
| (b) | शिरःपदाभिमुख दिशा | (ii) | सिर से पैर का क्रम |
| (c) | अंतर्वैयक्तिक भिन्नताएँ | (iii) | किसी अकेले बच्चे में विकास की दर विकास के एक क्षेत्र की अपेक्षा दूसरी में भिन्न हो सकती है |
| (d) | अंतरावैयक्तिक भिन्नताएँ | (iv) | शरीर के केन्द्र से बाहर की ओर |
| | | (v) | सरल से जटिल की ओर वृद्धि |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | v | ii | i | iii |
| (2) | ii | iv | i | iii |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | iv | ii | i | iii |

**25.** संज्ञान और संवेग के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) संज्ञान और संवेग परस्पर जुड़े हैं और एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं।

(2) संज्ञान और संवेग एक-दूसरे से स्वतंत्र प्रक्रियाएँ हैं।

(3) संज्ञान संवेगों को प्रभावित करता है किंतु संवेग संज्ञान को प्रभावित नहीं करता।

(4) संवेग संज्ञान को प्रभावित करते हैं किंतु संज्ञान संवेगों को प्रभावित नहीं करता।

**26.** विविध शिक्षार्थियों वाली एक समावेशी कक्षा में सहयोगी अधिगम और समवयस्कों से सीखना :

(1) केवल कभी-कभी ही प्रयोग किया जाना चाहिए क्योंकि यह सहपाठियों से तुलना को बढ़ावा देता है

(2) सक्रिय रूप से निरुत्साहित किया जाना चाहिए और प्रतियोगिता को बढ़ावा देना चाहिए

(3) सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जिससे समवयस्कों की स्वीकार्यता बढ़े

(4) कार्यान्वित नहीं किया जाना चाहिए और विद्यार्थियों को क्षमताओं के अनुसार अलग-अलग किया जाना चाहिए

Scanned by CamScanner

27. A teacher can address diversity in her class by :

A. accepting and valuing differences
B. using socio-cultural background of children as a pedagogic resource
C. accommodating different learning styles
D. giving standard instruction and setting uniform benchmarks for performance

Select the **correct** answer using the code given below.

(1) A, B, C and D
(2) A, B and D
(3) B, C and D
(4) A, B and C

28. A teacher asks her class to cover sharp edges of furniture with cotton and use 'Touch and Feel' notice boards and books. The needs of which category of special learners is she attempting to cater to?

(1) Visually-impaired learners
(2) Hearing-impaired learners
(3) Learning-impaired learners
(4) Socially disadvantaged learners

29. Gifted children are best catered to by educational programmes that :

(1) make use of gifts and rewards to motivate them to perform according to minimum standards of learning
(2) emphasize mastery of knowledge by recall
(3) stimulate their thinking and give them opportunities to engage in divergent thinking
(4) control their aggressive behaviour

30. Which of the following statements about students' failure in schools are **correct**?

A. Students belonging to certain castes and communities fail since they do not have ability.
B. Students fail in schools because appropriate rewards are not offered for their learning.
C. Students fail because teaching is not done in a manner in which it is meaningful to them.
D. Students fail because school system does not cater to individual child's needs and interests.

(1) C and D (2) A and B
(3) B and C (4) B and D

27. एक शिक्षिका अपनी कक्षा में विविधता को संबोधित कर सकती है :

A. भिन्नताओं को स्वीकार करके और उसे महत्त्व देकर
B. बच्चों की सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का शिक्षा-शास्त्रीय संसाधन के रूप में प्रयोग करके
C. विभिन्न अधिगम शैलियों को समायोजित करके
D. मानक निर्देश देकर और निष्पादन हेतु सर्वमान्य मानदण्ड निर्धारित करके

नीचे दिए गए कूट के आधार पर **सही** उत्तर चुनिए।

(1) A, B, C और D
(2) A, B और D
(3) B, C और D
(4) A, B और C

28. कोई शिक्षिका अपनी कक्षा में फर्नीचर की तीखी धार वाले किनारों को रुई से ढँका रखने को कहती है और 'छुओ तथा अनुभव करो' वाले सूचना-पट्टों का उपयोग करने को कहती है। वह किस वर्ग के विशेष शिक्षार्थियों की आवश्यकता पूर्ति करने का प्रयास कर रही है?

(1) दृष्टि विकलांग शिक्षार्थी
(2) श्रवण विकलांग शिक्षार्थी
(3) सीख न सकने वाले शिक्षार्थी
(4) सामाजिक रूप से वंचित शिक्षार्थी

29. प्रतिभाशाली बच्चों के लिए सबसे अच्छे शैक्षिक कार्यक्रम वे होते हैं जो :

(1) उन्हें अधिगम के न्यूनतम मानकों तक काम करने को प्रेरित करने के लिए उपहारों और पुरस्कारों का उपयोग करते हैं
(2) प्रत्यास्मरण के द्वारा ज्ञान की प्रवीणता पर बल देते हैं
(3) उनके चिंतन को प्रेरित कर उन्हें विविध विचारों में व्यस्त रहने के अवसर देते हैं
(4) उनके आक्रामक व्यवहार को नियंत्रित करते हैं

30. विद्यालयों में विद्यार्थियों की असफलता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं?

A. विशेष जातियों और समुदायों से संबंधित विद्यार्थी असफल होते हैं क्योंकि उनमें योग्यता नहीं होती।
B. विद्यार्थी विद्यालयों में असफल होते हैं क्योंकि उन्हें अधिगम के लिए उपयुक्त पुरस्कार नहीं दिए जाते।
C. विद्यार्थी असफल होते हैं क्योंकि शिक्षण उस तरीके से नहीं किया जाता जो उनके लिए सार्थक हो।
D. विद्यार्थी असफल होते हैं क्योंकि विद्यालय व्यवस्था प्रत्येक विद्यार्थी की आवश्यकताओं और अभिरुचियों का ध्यान नहीं रखती।

(1) C और D (2) A और B
(3) B और C (4) B और D



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| **IMPORTANT** : Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics and Science) *Or* from Part—III (Social Studies / Social Science). | **महत्त्वपूर्ण** : परीक्षार्थियों को प्रश्न संख्या **31** से **90** या तो भाग—II (गणित और विज्ञान) या भाग—III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं। |

# PART—II / भाग—II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित और विज्ञान

***Directions*** : Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**31.** Neeta, a Class VII mathematics teacher, assigns a lot of survey-based projects to mathematics classrooms. The purpose of such activity is :

A. to promote problem-solving skills
B. to give an opportunity to students to collect authentic data
C. to break the monotony of the classroom
D. to use it as an alternate assessment

Which of the above purposes are true?

(1) A, B and C
(2) A and B
(3) A and C
(4) A, B and D

**32.** Which of the following terms in mathematics is defined?

(1) Point
(2) Line
(3) Diagonal of a quadrilateral
(4) Plane

**33.** Which of the following is **not** an important aspect in 'algebra'?

(1) Visualization
(2) Measurement
(3) Transposition
(4) Generalization

***निर्देश*** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** कक्षा VII की गणित शिक्षिका नीता, गणित के कक्षा-कक्ष में सर्वेक्षण पर आधारित बहुत सारी परियोजनाएँ (प्रोजेक्ट) देती है। इस क्रियाकलाप का उद्देश्य है :

A. समस्या सुलझाने के कौशल को प्रोत्साहित करना
B. प्रामाणिक आँकड़ों को एकत्रित करने का अवसर विद्यार्थियों को प्रदान करना
C. कक्षा-कक्ष की एकरसता को भंग करना
D. वैकल्पिक आकलन के लिए इसका उपयोग करना

उपर्युक्त उद्देश्यों में से कौन-से सही हैं?

(1) A, B और C
(2) A और B
(3) A और C
(4) A, B और D

**32.** गणित में निम्नलिखित पदों में से कौन-सा पद परिभाषित है?

(1) बिन्दु
(2) रेखा
(3) चतुर्भुज के विकर्ण
(4) समतल

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू 'बीजगणित' में महत्त्वपूर्ण **नहीं** है?

(1) मानसिक चित्रण
(2) माप
(3) क्रमपरिवर्तन
(4) सामान्यीकरण

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

34. 'Problem posing' in mathematics means :

(1) inability to solve problems
(2) raising doubts in the class
(3) solving problems
(4) creating problems from the content

35. A good mathematics textbook contains a lot of :

(1) questions for exploration
(2) questions for practice
(3) worked out examples
(4) theorems and proofs

36. Consider the following statement :

"Every odd natural number is a prime number."

Which of the following methods of 'proof' can be used to prove/disprove the above statement?

(1) Method of disproof
(2) Direct proof
(3) Proof by contrapositive
(4) Proof by contradiction

37. Which of the following is **not** a contributing factor responsible for mathematics anxiety?

(1) Nature of subject
(2) Gender
(3) Examination system
(4) Curriculum

34. गणित में 'प्रश्न रखने' का अर्थ है :

(1) प्रश्नों को हल करने में असमर्थता
(2) कक्षा में संदेह प्रस्तुत करना
(3) प्रश्न हल करना
(4) विषयवस्तु में से प्रश्नों का सृजन करना

35. गणित की अच्छी पाठ्य-पुस्तक में होते हैं, बहुत सारे :

(1) समन्वेषण के लिए प्रश्न
(2) अभ्यास प्रश्न
(3) हल किए हुए उदाहरण
(4) प्रमेय और उनकी उपपत्ति

36. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :

"प्रत्येक विषम प्राकृत संख्या एक अभाज्य संख्या है।"

'उपपत्ति' की निम्नलिखित विधियों में से किसका प्रयोग उपर्युक्त कथन के प्रमाण/खंडन हेतु किया जा सकता है?

(1) खंडन विधि
(2) प्रत्यक्ष उपपत्ति
(3) प्रतिस्थिति द्वारा उपपत्ति
(4) प्रतिवाद द्वारा उपपत्ति

37. गणित में दुश्चिंता के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा घटक उत्तरदायी **नहीं** है?

(1) विषय की प्रकृति
(2) लिंग
(3) परीक्षा पद्धति
(4) पाठ्यक्रम

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**38.** Which of the following numbers does **not** lie between $\frac{-5}{6}$ and $\frac{7}{8}$?

(1) $\frac{5}{6}$ (2) $\frac{-17}{24}$

(3) $\frac{-3}{4}$ (4) $\frac{-11}{12}$

**39.** The reciprocal of $\left[\left(\frac{3}{8}\right)^{-2} \times \left(\frac{-4}{5}\right)^{-3}\right]$ is :

(1) $\left(\frac{8}{3}\right)^{2} \times \left(\frac{5}{-4}\right)^{3}$ (2) $\frac{-9}{125}$

(3) $\frac{125}{9}$ (4) $\frac{9}{125}$

**40.** If $(13^2 - 5^2)^{3/2} = 6^3 \times A$, then the value of $A$ is :

(1) $2^4$ (2) $2$

(3) $2^2$ (4) $2^3$

**41.** If $x\sqrt{243} = y\sqrt{867}$, where $x$ and $y$ are co-prime numbers, then the value of $(x - y)$ is :

(1) 8 (2) 3

(3) 4 (4) 6

**38.** निम्न में से कौन-सी संख्या $\frac{-5}{6}$ तथा $\frac{7}{8}$ के बीच में नहीं है?

(1) $\frac{5}{6}$ (2) $\frac{-17}{24}$

(3) $\frac{-3}{4}$ (4) $\frac{-11}{12}$

**39.** $\left[\left(\frac{3}{8}\right)^{-2} \times \left(\frac{-4}{5}\right)^{-3}\right]$ का व्युत्क्रम है :

(1) $\left(\frac{8}{3}\right)^{2} \times \left(\frac{5}{-4}\right)^{3}$ (2) $\frac{-9}{125}$

(3) $\frac{125}{9}$ (4) $\frac{9}{125}$

**40.** यदि $(13^2 - 5^2)^{3/2} = 6^3 \times A$ है, तो $A$ का मान है :

(1) $2^4$ (2) $2$

(3) $2^2$ (4) $2^3$

**41.** यदि $x\sqrt{243} = y\sqrt{867}$ है, जहाँ $x$ और $y$ सह-अभाज्य संख्याएँ हैं, तब $(x - y)$ का मान है :

(1) 8 (2) 3

(3) 4 (4) 6

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**42.** The sum of all possible values of $a$, for which the 4-digit number $547a$ is divisible by 3, is :

(1) 15 (2) 7

(3) 10 (4) 13

**43.** A common factor of $x^4-256$, $x^3-4x^2+3x-12$ and $x^2-7x+12$ is :

(1) $x-3$ (2) $x+4$

(3) $x-4$ (4) $x+3$

**44.** On dividing the polynomial $8x^3-6x^2+10x+3$ by $(4x+1)$, the quotient is $2x^2+k$, where $k$ is equal to :

(1) $-3+2x$ (2) $3-2x$

(3) $3+2x$ (4) $-3-2x$

**45.** In the product of $(9x^2+15-x)$ and $(-1-x+x^2)$, if $A$, $B$ and $C$ are the coefficients of $x^3$, $x^2$ and $x$ respectively, then the value of $(A+B-C)$ is :

(1) 14 (2) $-3$

(3) $-17$ (4) 11

**46.** When $x=\frac{1}{9}$ and $y=\frac{-3}{4}$, then the value of the expression $81x^2+16y^2-72xy$ is :

(1) $\frac{9}{16}$ (2) 25

(3) 16 (4) $\frac{9}{4}$

**42.** $a$ के उन सभी संभावित मानों, जिनके लिए 4-अंकीय संख्या $547a$, 3 से विभाज्य है, का योग है :

(1) 15 (2) 7

(3) 10 (4) 13

**43.** $x^4-256$, $x^3-4x^2+3x-12$ और $x^2-7x+12$ का एक सार्व गुणनखंड है :

(1) $x-3$ (2) $x+4$

(3) $x-4$ (4) $x+3$

**44.** बहुपद $8x^3-6x^2+10x+3$ को $(4x+1)$ से भाग देने पर भागफल $2x^2+k$ है, जहाँ $k$ बराबर है :

(1) $-3+2x$ (2) $3-2x$

(3) $3+2x$ (4) $-3-2x$

**45.** $(9x^2+15-x)$ और $(-1-x+x^2)$ के गुणनफल में, यदि $x^3$, $x^2$ और $x$ के गुणांक क्रमशः $A$, $B$ और $C$ हैं, तो $(A+B-C)$ का मान है :

(1) 14 (2) $-3$

(3) $-17$ (4) 11

**46.** जब $x=\frac{1}{9}$ और $y=\frac{-3}{4}$ है, तो व्यंजक $81x^2+16y^2-72xy$ का मान है :

(1) $\frac{9}{16}$ (2) 25

(3) 16 (4) $\frac{9}{4}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**47.** Abhi is twice as old as his daughter. Five years ago, his age was four times his daughter's age. If the present age of the daughter is $x$ years, then :

(1) $2(x-5)=4(2x+5)$

(2) $2(x-5)=4(2x-5)$

(3) $4(x-5)=2x-5$

(4) $4(x+5)=2(2x-5)$

**48.** A sum of ₹6,250 at 8% per annum, compounded annually, after $2\frac{3}{4}$ years amounts to :

(1) ₹7,872·60 (2) ₹7,165·60

(3) ₹7,581·40 (4) ₹7,727·40

**49.** A person marks his goods 40% above the cost price and allows 40% discount on the marked price. His loss/gain percent is :

(1) No loss/gain

(2) loss, 8%

(3) gain, 10%

(4) loss, 16%

**50.** The angles of a quadrilateral are in the ratio 2 : 3 : 5 : 8. The sum of the supplement of the largest angle and the complement of the smallest angle is :

(1) 80° (2) 50°

(3) 60° (4) 70°

**51.** Two sides of a right triangle measure 15 cm and 17 cm. Which of the following statements can be **true** of the length of the third side of the triangle?

A. It is between 4 cm and 7 cm.

B. It is between 20 cm and 23 cm.

C. It is less than 10 cm.

(1) A and C only

(2) B only

(3) A and B only

(4) B and C only

**47.** अभि की आयु अपनी बेटी की आयु से दो गुना है। पाँच वर्ष पहले, उसकी आयु अपनी बेटी की आयु की चार गुनी थी। यदि बेटी की वर्तमान आयु $x$ वर्ष है, तो :

(1) $2(x-5)=4(2x+5)$

(2) $2(x-5)=4(2x-5)$

(3) $4(x-5)=2x-5$

(4) $4(x+5)=2(2x-5)$

**48.** 8% वार्षिक दर से, जबकि ब्याज वार्षिक संयोजित होता है, ₹6,250 की एक राशि का मिश्रधन $2\frac{3}{4}$ वर्षों के पश्चात् है :

(1) ₹7,872·60 (2) ₹7,165·60

(3) ₹7,581·40 (4) ₹7,727·40

**49.** एक व्यक्ति अपने सामान को उसके क्रय-मूल्य से 40% अधिक पर अंकित करता है तथा अंकित मूल्य पर 40% बट्टा देता है। उसका हानि/लाभ प्रतिशत है :

(1) कोई हानि/लाभ नहीं

(2) हानि, 8%

(3) लाभ, 10%

(4) हानि, 16%

**50.** किसी चतुर्भुज के कोण 2 : 3 : 5 : 8 के अनुपात में हैं। इसके सबसे बड़े कोण के संपूरक तथा सबसे छोटे कोण के पूरक का योग है :

(1) 80° (2) 50°

(3) 60° (4) 70°

**51.** किसी समकोण त्रिभुज की दो भुजाओं की माप 15 cm और 17 cm हैं। त्रिभुज की तीसरी भुजा की लंबाई के लिए निम्न कथनों में से कौन-सा/कौन-से **सत्य** हो सकता है/सकते हैं?

A. यह 4 cm तथा 7 cm के बीच में है।

B. यह 20 cm तथा 23 cm के बीच में है।

C. यह 10 cm से छोटी है।

(1) केवल A और C

(2) केवल B

(3) केवल A और B

(4) केवल B और C

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**52.** If one angle of a triangle is 110°, then the angle between the bisectors of the other two angles measures :

(1) 145° (2) 90°

(3) 100° (4) 110°

**53.** In $\Delta ABC$, $AB = 4$ cm, $AC = 5$ cm and $BC = 6$ cm. In $\Delta PQR$, $PR = 4$ cm, $PQ = 5$ cm and $RQ = 6$ cm. $\Delta ABC$ is congruent to :

(1) $\Delta RPQ$ (2) $\Delta PQR$

(3) $\Delta PRQ$ (4) $\Delta QRP$

**54.** A tank is in the form of a cuboid. It holds a maximum of 540 $m^3$ water. If the tank is 8 m long and 15 m wide, then how many metres deep must the water be when the tank is $\frac{2}{3}$ full?

(1) 4·5 (2) 2

(3) 2·5 (4) 3

**55.** The ratio of the areas of two equilateral triangles is 16 : 9. If the perimeter of the smaller triangle is 63 cm, then how much larger is a side of the larger triangle than a side of the smaller triangle?

(1) 7 cm

(2) 3 cm

(3) 4 cm

(4) 5 cm

**56.** The area of a triangle is equal to the area of a circle whose perimeter is $6\pi$ cm. If the base of the triangle is 8 cm, then its corresponding height (in cm) is :

(1) 2·25 (2) $\pi$

(3) 2 (4) $2{\cdot}25\pi$

**52.** यदि किसी त्रिभुज का एक कोण 110° है, तो इसके अन्य दो कोणों के समद्विभाजकों के बीच बने कोण की माप है :

(1) 145° (2) 90°

(3) 100° (4) 110°

**53.** $\Delta ABC$ में, $AB = 4$ cm, $AC = 5$ cm और $BC = 6$ cm हैं। $\Delta PQR$ में, $PR = 4$ cm, $PQ = 5$ cm और $RQ = 6$ cm हैं। $\Delta ABC$ सर्वांगसम है :

(1) $\Delta RPQ$ के (2) $\Delta PQR$ के

(3) $\Delta PRQ$ के (4) $\Delta QRP$ के

**54.** एक टंकी घनाभ के आकार की है। इसमें अधिकतम 540 $m^3$ पानी आ सकता है। यदि इस टंकी की लंबाई 8 m तथा चौड़ाई 15 m है, तो इसमें पानी की गहराई कितने मीटर होगी, जब यह $\frac{2}{3}$ भरी हुई है?

(1) 4·5 (2) 2

(3) 2·5 (4) 3

**55.** दो समबाहु त्रिभुजों के क्षेत्रफलों में अनुपात 16 : 9 है। यदि छोटे त्रिभुज का परिमाप 63 cm है, तो बड़े त्रिभुज की भुजा, छोटे त्रिभुज की भुजा से कितनी अधिक बड़ी है?

(1) 7 cm

(2) 3 cm

(3) 4 cm

(4) 5 cm

**56.** किसी त्रिभुज का क्षेत्रफल एक वृत्त के क्षेत्रफल के बराबर है, जिसका परिमाप $6\pi$ cm है। यदि त्रिभुज का आधार 8 cm है, तो इसकी संगत ऊँचाई (cm में) है :

(1) 2·25 (2) $\pi$

(3) 2 (4) $2{\cdot}25\pi$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

57. The mean of mode, median and range of the data :

2, 1, 2, 3, 3, 6, 4, 8, 14, 9, 4, 8, 4

is :

(1) 9
(2) 4
(3) 6
(4) 7

58. Some students of your class are repeatedly not able to do well in mathematics examinations and tests. As a teacher you would :

(1) explain the consequences of not doing well
(2) give more tests for practice
(3) diagnose the causes and take steps for remediation
(4) make them sit with high achievers

59. In an inclusive mathematics classroom, what would be your strategy for addressing the needs of visually challenged learners?

(1) Design alternate teaching-learning and assessment methods.
(2) Send the learners to a special educator.
(3) Offer them another subject in lieu of mathematics.
(4) Pair them with high scorers in mathematics.

60. Which of the following assessment strategies can be used to assess learners' interest in and attitude to mathematics?

(1) Oral test, Paper-pencil test, Class participation
(2) Checklist, Portfolio, Paper-pencil test
(3) Checklist, Portfolio, Project, Class participation
(4) Portfolio, Project, Paper-pencil test

57. 2, 1, 2, 3, 3, 6, 4, 8, 14, 9, 4, 8, 4

उपर्युक्त आँकड़ों के बहुलक, माध्यक तथा परिसर का माध्य है :

(1) 9
(2) 4
(3) 6
(4) 7

58. आपकी कक्षा में कुछ विद्यार्थी लगातार गणित की परीक्षाओं और परीक्षणों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। एक शिक्षक के रूप में आप :

(1) अच्छा न करने के परिणाम को समझाएँगे
(2) अभ्यास के लिए अधिक टेस्ट देंगे
(3) कारणों का निदान करेंगे और उपचारी कदम उठाएँगे
(4) उनको उच्च उपलब्धि वालों के साथ बिठा देंगे

59. गणित के समावेशी कक्षा-कक्ष में दृष्टिबाधित शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए आपकी क्या नीति होगी?

(1) उनके लिए वैकल्पिक अध्यापन-अधिगम और आकलन पद्धति की अभिकल्पना करेंगे।
(2) शिक्षार्थियों को विशेष शिक्षक के पास भेजेंगे।
(3) गणित के बदले कोई दूसरा विषय दे देंगे।
(4) गणित में उच्च अंक प्राप्त करने वालों के साथ उनके जोड़े बना देंगे।

60. गणित में शिक्षार्थी की रुचि और अभिवृत्ति को परखने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी मूल्यांकन नीतियाँ प्रयुक्त हो सकती हैं?

(1) मौखिक परीक्षा, कागज-पेंसिल परीक्षा, कक्षा की सहभागिता
(2) जाँच सूची, पोर्टफोलियो, कागज-पेंसिल परीक्षा
(3) जाँच सूची, पोर्टफोलियो, परियोजना, कक्षा की सहभागिता
(4) पोर्टफोलियो, परियोजना, कागज-पेंसिल परीक्षा

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**61.** Which of the following is **not** a purpose of conducting practicals/experimental activities in science?

(1) They help in scoring high grades or marks.

(2) They enhance understanding of science ideas.

(3) They provide an opportunity for problem solving.

(4) They help in developing manipulative skills.

**62.** A few small wax pieces are fixed at nearly equal distances on a flat strip of aluminium. One end of the strip is clamped to a stand and the other end is heated. Consider the following statements A and B :

A. Wax pieces begin to fall one-by-one in the order of their increasing distance from the flame.

B. Aluminium strip transfers heat from the end nearest to the flame to the other end.

Of the two statements given above :

(1) Both A and B are inferences

(2) A is observation and B is inference

(3) B is observation and A is inference

(4) Both A and B are observations

**61.** विज्ञान में व्यावहारिक /प्रयोगात्मक गतिविधियाँ संचालित करने का उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?

(1) वे उच्च अंक या ग्रेड पाने में सहायक हों।

(2) वे विज्ञान के विचारों की समझ बढ़ाएँ।

(3) वे समस्या-समाधान का अवसर प्रदान करें।

(4) वे हस्तकौशल-युक्त कौशलों के विकास में सहायक हों।

**62.** ऐलुमिनियम की एक समतल पट्टी पर मोम के कुछ छोटे टुकड़े लगभग समान दूरी पर जमाए गए हैं। पट्टी के एक सिरे को एक स्टैन्ड के साथ क्लैम्प किया गया है और दूसरे सिरे को गर्म किया जाता है। नीचे दिए गए कथनों A और B पर विचार कीजिए :

A. लौ से बढ़ती दूरी के क्रम में मोम के टुकड़े एक-के-बाद-एक गिरने लगते हैं।

B. ऐलुमिनियम की पट्टी उष्णता को लौ के निकटतम सिरे से दूसरे सिरे को स्थानान्तरित कर देती है।

उपर्युक्त दो कथनों में से :

(1) A और B दोनों ही निष्कर्ष हैं

(2) A प्रेक्षण है और B निष्कर्ष

(3) B प्रेक्षण है और A निष्कर्ष

(4) A और B दोनों ही प्रेक्षण हैं

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

63. The students of Class VII are asked the following question by a teacher :

"Two identical cubes of ice are taken out of a refrigerator. One is crushed and the other is left as it is. It is noticed that the crushed ice melts faster. What could be the reason?"

Which process skill is promoted through this question?

(1) Experimentation

(2) Observation

(3) Hypothesizing

(4) Controlling variables

64. A teacher of Class VII demonstrates the following activity in the class :

"A leaf is put in a test tube and spirit is poured over it. Then the test tube is put in a beaker half-filled with water and heated till the leaf is discoloured. The leaf is then taken out and a few drops of iodine are put on it. The leaf turns blue-black in colour."

After this activity, the teacher gives some questions for the assessment of various indicators of learning.

Which of the following would assess 'analysis'?

(1) What care is taken to prevent damage to the leaf ?

(2) What care is taken while pouring spirit into the test tube?

(3) What happens to the colour of the leaf when solution is poured on it?

(4) Can this test be done without removing chlorophyll?

63. एक शिक्षक कक्षा VII के विद्यार्थियों से निम्नलिखित प्रश्न पूछता है :

''एक फ्रिज से बर्फ के दो समान घनाभ लिए जाते हैं। उनमें से एक को चूर्णित किया जाता है और दूसरे को ऐसा ही छोड़ दिया जाता है। यह देखा गया कि चूर्णित बर्फ जल्दी पिघलती है। इसका क्या कारण हो सकता है?''

इस प्रश्न द्वारा किस प्रक्रियात्मक कौशल को बढ़ावा मिलता है?

(1) प्रयोगात्मकता

(2) प्रेक्षण

(3) परिकल्पना करना

(4) चरों पर नियंत्रण

64. कक्षा VII का एक शिक्षक कक्षा में निम्नलिखित क्रियाकलाप का प्रदर्शन करता है :

''एक पत्ती को परखनली में लिया जाता है और उसके ऊपर स्पिरिट उड़ेला जाता है। इसके बाद परखनली को पानी से आधे भरे बीकर में रखा जाता है और उसे तब तक गर्म किया जाता है जब तक पत्ती का रंग न उड़ जाए। उसके बाद पत्ती को बाहर निकाला जाता है और आयोडीन की कुछ बूँदें उस पर डाली जाती हैं। पत्ती का रंग नीला-काला हो जाता है।''

इस क्रियाकलाप के बाद शिक्षक अधिगम के विभिन्न सूचकों के आकलन के लिए कुछ प्रश्न देता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा 'विश्लेषण' का आकलन करेगा?

(1) पत्ती को हानि न पहुँचे, इसके लिए क्या सावधानी बरती गई?

(2) परखनली में स्पिरिट उड़ेलते समय क्या सावधानी बरती गई?

(3) जब पत्ती पर घोल उड़ेला गया, तो रंग का क्या हुआ?

(4) क्या क्लोरोफिल को हटाये बिना यह प्रयोग किया जा सकता है?

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

65. You want your Class VI students to figure out that the property of solubility of salt in water can be used to separate a mixture of sand and salt. As a supporter of inquiry-oriented pedagogy, you would :

(1) provide the mixture of sand and salt to students, ask them to think up different ways of separation and help them in trying out their ideas

(2) explain different methods of separation of mixtures first and then explain the separation of sand and salt mixture

(3) ask students to hypothesize about different ways in which a mixture of sand and salt can be separated and then lead them to the correct answer through detailed explanations

(4) take a mixture of sand and salt, demonstrate its separation and then ask students to repeat it on their own

66. Which among the following statements describes the relationship between science and technology?

(1) Science is a broader endeavour while technology is goal-oriented and often locale-specific.

(2) Technology is a more creative process as compared to science.

(3) Science is an ancient enterprise but technology is relatively recent.

(4) Science and technology proceed independently and in isolation from each other.

65. आप चाहते हैं कि कक्षा VI के विद्यार्थी नमक और रेत के मिश्रण को अलग करने के लिए नमक की पानी में विलेयता के गुण को पहचान सकें। प्रतिप्रश्न-उन्मुख शिक्षण के समर्थक होने के नाते आप :

(1) विद्यार्थियों को रेत और नमक का मिश्रण उपलब्ध कराएँगे, उन्हें पृथक् करने की विविध विधियों पर सोचने के लिए कहेंगे और उन्हें अपने विचार आजमाने में सहायता करेंगे

(2) पहले मिश्रण को पृथक् करने की विभिन्न विधियों को समझाएँगे और उसके बाद रेत और नमक के मिश्रण को पृथक् करना समझाएँगे

(3) पहले विद्यार्थियों को उन विभिन्न विधियों के बारे में परिकल्पना करने को कहेंगे, जिनसे रेत और नमक को अलग किया जा सके और तब विस्तृत स्पष्टीकरण के बाद उन्हें सही उत्तर तक ले जाएँगे

(4) रेत और नमक के मिश्रण को लेंगे, उसका पृथक् किया जाना दिखाएँगे और उसके बाद विद्यार्थियों से स्वयं पुनरावृत्ति के लिए कहेंगे

66. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा विज्ञान और तकनीकी के संबंधों का वर्णन करता है?

(1) विज्ञान एक व्यापक प्रयास है, जबकि तकनीकी उद्देश्योन्मुख और प्रायः स्थान-विनिर्दिष्ट होती है।

(2) विज्ञान की तुलना में तकनीकी अधिक सृजनात्मक प्रक्रिया है।

(3) विज्ञान एक प्राचीन उद्यम है परंतु तकनीकी उसकी अपेक्षा नवीन है।

(4) विज्ञान और तकनीकी स्वतंत्र रूप से और परस्पर अलग-अलग बढ़ते हैं।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**67.** Which among the following is **not** a single flower but a group of flowers?

(1) Datura

(2) Rose

(3) China rose

(4) Sunflower

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सा एकल पुष्प **नहीं है**, वरन् पुष्पों का एक गुच्छा है?

(1) धतूरा

(2) गुलाब

(3) चाइना रोज (गुड़हल)

(4) सूर्यमुखी

**68.** A bicycle is moving on a straight road at a constant speed. The wheels of the cycle exhibit :

(1) circular, translational and periodic motion

(2) circular and translational motion

(3) translational and periodic motion

(4) circular and periodic motion

**68.** कोई साइकिल किसी सीधी सड़क पर नियत चाल से चल रही है। साइकिल के पहिये दर्शाते हैं :

(1) वृत्तीय, स्थानान्तरीय और आवर्ती गति

(2) वृत्तीय और स्थानान्तरीय गति

(3) स्थानान्तरीय और आवर्ती गति

(4) वृत्तीय और आवर्ती गति

**69.** Suppose you are a farmer living at a place having black soil. If the climate of your region is warm and you want to grow fibre-yielding plants in your fields, then which of the following would you prefer?

(1) Rayon

(2) Coconut

(3) Jute

(4) Cotton

**69.** मान लीजिए आप एक किसान हैं और उस क्षेत्र में रहते हैं जहाँ की मृदा काली है। यदि आपके क्षेत्र की जलवायु उष्ण है, और आप अपने खेतों में रेशे प्रदान करने वाले पौधे उगाना चाहते हैं, तो आप निम्नलिखित में से किसे प्राथमिकता देंगे?

(1) रेयॉन

(2) नारियल

(3) जूट (पटसन)

(4) कपास

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**70.** Choose the odd one out.

(1) Embryo

(2) Egg

(3) Ovum

(4) Gamete

**71.** The function of saliva is to :

(1) convert starch into sugars

(2) prevent the food from entering the windpipe

(3) convert carbohydrates into proteins

(4) convert starch into fats

**72.** Which of the following statements is **correct**?

(1) Both inhaled air and exhaled air contain oxygen.

(2) Inhaled air does not contain carbon dioxide.

(3) Exhaled air does not contain oxygen.

(4) Exhaled air does not contain carbon dioxide.

**70.** विषम को चुनिए।

(1) भ्रूण

(2) अण्ड

(3) अण्डाणु

(4) युग्मक

**71.** लाला रस (लार) का कार्य है :

(1) मंड (स्टार्च) को शर्करा में परिवर्तित करना

(2) श्वासनली में खाद्य कणों के प्रवेश को रोकना

(3) कार्बोहाइड्रेट को प्रोटीन में परिवर्तित करना

(4) मंड (स्टार्च) को वसा में परिवर्तित करना

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) अन्तःश्वसन और उच्छ्वसन (श्वास खींचने और श्वास निकालने) दोनों ही प्रकार की वायु में ऑक्सीजन होती है।

(2) अन्तःश्वसन की (श्वास में खींची गई) वायु में कार्बन डाइऑक्साइड नहीं होती।

(3) उच्छ्वसन की (श्वास निकालने वाली) वायु में ऑक्सीजन नहीं होती।

(4) उच्छ्वसन की (श्वास निकालने वाली) वायु में कार्बन डाइऑक्साइड नहीं होती।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**73.** Ritu is standing in front of a plane mirror. The distance between Ritu and her image is 10 m. If she moves 2 m towards the mirror, then the distance between Ritu and her image is :

(1) 8 m

(2) 10 m

(3) 12 m

(4) 6 m

**74.** You have three test tubes *X*, *Y* and *Z* half-filled with different solutions, as *X* is filled with sodium chloride solution, *Y* is filled with sodium hydroxide solution and *Z* is filled with dilute hydrochloric acid. On adding one drop of phenolphthalein solution to each of the above solutions, you would observe the solutions in the test tubes as :

(1) *X* is colourless; *Y* is pink and *Z* is colourless

(2) *X* is pink; *Y* is pink and *Z* is colourless

(3) *X* is pale green; *Y* is colourless and *Z* is red

(4) *X* is colourless; *Y* is pale green and *Z* is pink

**75.** In our mouth, the arrangement of different types of teeth from front to back is :

(1) canine–incisor–molar–premolar

(2) incisor–canine–premolar–molar

(3) canine–incisor–premolar–molar

(4) incisor–canine–molar–premolar

**73.** रितु एक समतल दर्पण के सामने खड़ी है। रितु और उसके प्रतिबिम्ब के बीच की दूरी 10 m है। यदि वह दर्पण की ओर 2 m चले तो रितु और उसके प्रतिबिम्ब के बीच की दूरी होगी :

(1) 8 m

(2) 10 m

(3) 12 m

(4) 6 m

**74.** आपके पास तीन परखनलियाँ *X*, *Y* और *Z* हैं, जो तीन विभिन्न विलयनों से आधी-आधी भरी हैं, जैसे *X* में सोडियम क्लोराइड विलयन, *Y* में सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन तथा *Z* में तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल। उपर्युक्त प्रत्येक विलयन में फिनॉफ्थेलिन विलयन की एक-एक बूँद डालने पर आप यह प्रेक्षण करेंगे कि परखनलियों में भरे विलयन इस प्रकार दिखाई देते हैं :

(1) *X*—रंगहीन; *Y*—गुलाबी तथा *Z*—रंगहीन

(2) *X*—गुलाबी; *Y*—गुलाबी तथा *Z*—रंगहीन

(3) *X*—फीका हरा; *Y*—रंगहीन तथा *Z*—लाल

(4) *X*—रंगहीन; *Y*—फीका हरा तथा *Z*—गुलाबी

**75.** हमारे मुख में विभिन्न प्रकार के दाँतों का आगे से पीछे की ओर क्रम है :

(1) रदनक–कृंतक–चर्वणक–अग्रचर्वणक

(2) कृंतक–रदनक–अग्रचर्वणक–चर्वणक

(3) रदनक–कृंतक–अग्रचर्वणक–चर्वणक

(4) कृंतक–रदनक–चर्वणक–अग्रचर्वणक

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**76.** In plants and trees, water goes up high due to suction pull. Which of the following phenomena causes this suction pull?

(1) Photosynthesis
(2) Transpiration
(3) Respiration
(4) Absorption

**77.** Which of the following is the reproducing part of ginger?

(1) Leaf
(2) Root
(3) Stem
(4) Seed

**78.** Which among the following liquids are conductors of electricity?

A. Vinegar
B. Sugar solution
C. Salt solution
D. Distilled water

(1) B and C
(2) A, C and D
(3) A and C
(4) C and D

**79.** Consider the following statements :

A. Plants can survive for some time even without photosynthesis.
B. Plants can survive for some time even without respiration.
C. Photosynthesis and respiration both are essential for the survival of plants.
D. Photosynthesis and respiration both are simultaneous processes in plants during daytime.

The **correct** statements are :

(1) A, B and D
(2) A, B and C
(3) B, C and D
(4) A, C and D

**76.** पादपों एवं वृक्षों में पानी ऊपर तक चूषण-कर्षण (खिंचाव) के कारण पहुँचता है। निम्नलिखित में से किस परिघटना के कारण यह चूषण-कर्षण होता है?

(1) प्रकाश-संश्लेषण
(2) वाष्पोत्सर्जन
(3) श्वसन
(4) अवशोषण

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सा अदरक का जननांग है?

(1) पत्ती
(2) जड़
(3) तना
(4) बीज

**78.** निम्नलिखित द्रवों में से कौन-से विद्युत् के चालक हैं?

A. सिरका
B. शर्करा का विलयन
C. लवण का विलयन
D. आसुत जल

(1) B और C
(2) A, C और D
(3) A और C
(4) C और D

**79.** नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. पौधे प्रकाश-संश्लेषण के बिना भी कुछ समय तक जीवित रह सकते हैं।
B. पौधे श्वसन के बिना भी कुछ समय तक जीवित रह सकते हैं।
C. पौधों के जीवित रहने के लिए प्रकाश-संश्लेषण और श्वसन दोनों ही आवश्यक हैं।
D. दिन के समय प्रकाश-संश्लेषण और श्वसन पौधों में होने वाली समक्षणिक (एक ही समय होने वाली) प्रक्रियाएँ हैं।

**सही** कथन हैं :

(1) A, B और D
(2) A, B और C
(3) B, C और D
(4) A, C और D

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**80.** A block of wood is lying at rest on a table. What can be said about the force(s) acting on it?

(1) Gravitational and frictional forces are acting on it.

(2) There is no force acting on it.

(3) There is a pair of balanced forces acting on it.

(4) Only gravitational force is acting on it.

**81.** Which type of leaf pattern, i.e., leaf venation and root type are present in bamboo?

(1) Reticulate venation and tap root

(2) Parallel venation and fibrous root

(3) Parallel venation and tap root

(4) Reticulate venation and fibrous root

**82.** Which of the following facts is **not** correct about magnets?

(1) Magnetic field lines originate from north pole and merge at south pole of a magnet.

(2) Attraction is a sure test of magnetism.

(3) Like poles of magnet repel each other.

(4) Magnetic field is stronger at the poles of a bar magnet.

**80.** लकड़ी का एक गुटका किसी मेज़ पर विराम की अवस्था में है। इस गुटके पर कार्यरत बल/बलों के विषय में क्या कहा जा सकता है?

(1) गुरुत्वाकर्षण और घर्षण बल इस पर कार्य कर रहे हैं।

(2) इस पर कोई बल कार्य नहीं कर रहा है।

(3) इस पर संतुलित बलों का कोई युगल कार्य कर रहा है।

(4) इस पर केवल गुरुत्वाकर्षण बल ही कार्य कर रहा है।

**81.** बाँस के पौधे की पत्तियों में शिरा-विन्यास तथा जड़ किस प्रकार के होते हैं?

(1) जालिकारूपी शिरा-विन्यास और मूसला जड़

(2) समान्तर शिरा-विन्यास और रेशेदार (झकड़ा) जड़

(3) समान्तर शिरा-विन्यास और मूसला जड़

(4) जालिकारूपी शिरा-विन्यास और रेशेदार (झकड़ा) जड़

**82.** चुम्बकों के विषय में नीचे दिया गया कौन-सा तथ्य सही **नहीं** है?

(1) चुम्बकीय क्षेत्र रेखाएँ चुम्बक के उत्तर ध्रुव से आरम्भ होती हैं और दक्षिण ध्रुव पर विलीन हो जाती हैं।

(2) आकर्षण चुम्बकत्व का एक निश्चित परीक्षण है।

(3) चुम्बकों के सजातीय ध्रुव एक-दूसरे को प्रतिकर्षित करते हैं।

(4) छड़ चुम्बक के सिरों पर चुम्बकीय क्षेत्र अधिक प्रबल होता है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**83.** Match the following metals and non-metals with their uses :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Iodine | (i) | Water purification |
| (b) | Mercury | (ii) | On wounds |
| (c) | Aluminium | (iii) | Thermometers |
| (d) | Chlorine | (iv) | Food packaging |

(1) a b c d
iv ii iii i

(2) a b c d
i ii iii iv

(3) a b c d
ii iii iv i

(4) a b c d
iii ii iv i

**84.** Select the **true** statement from the following.

(1) Melamine is a thermoplastic whereas bakelite is a thermosetting plastic.

(2) Bakelite and melamine are both thermoplastics.

(3) Bakelite and melamine are both thermosetting plastics.

(4) Bakelite is a thermoplastic whereas melamine is a thermosetting plastic.

**83.** नीचे दी गई धातुओं और अधातुओं का मिलान उनके उपयोगों से कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | आयोडीन | (i) | जल-शोधन में |
| (b) | मरकरी | (ii) | घावों पर |
| (c) | ऐलुमिनियम | (iii) | तापमापियों में |
| (d) | क्लोरीन | (iv) | खाद्य-पदार्थों की डिब्बाबंदी (पैकेजिंग) में |

(1) a b c d
iv ii iii i

(2) a b c d
i ii iii iv

(3) a b c d
ii iii iv i

(4) a b c d
iii ii iv i

**84.** निम्नलिखित में से सत्य कथन छाँटिए।

(1) मेलामाइन थर्मोप्लास्टिक है जबकि बेकेलाइट थर्मोसेटिंग प्लास्टिक है।

(2) बेकेलाइट और मेलामाइन दोनों ही थर्मोप्लास्टिक हैं।

(3) बेकेलाइट और मेलामाइन दोनों ही थर्मोसेटिंग प्लास्टिक हैं।

(4) बेकेलाइट थर्मोप्लास्टिक है जबकि मेलामाइन थर्मोसेटिंग प्लास्टिक है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**Directions** : Question Nos. **85** to **87** are based on the following passage.

A teacher of Class VIII demonstrates the following activity in her class :

"The teacher takes a small amount of sulphur in a spoon and burns it. She then puts the spoon into a tumbler with a lid to ensure that the gas produced does not escape. After a few minutes, she adds water to the tumbler."

**85.** What happens if blue and red litmus papers are put into the tumbler?

(1) No change in both.

(2) Blue litmus turns red.

(3) Blue litmus remains blue.

(4) Red litmus turns blue.

**86.** In the above demonstrated activity, which substance is formed when sulphur dioxide is dissolved in water?

(1) Sulphur hydroxide

(2) Sulphuric acid

(3) Sulphuric oxide

(4) Sulphurous acid

**87.** Which process skills can be promoted through the above activity?

(1) Observation and controlling variables

(2) Observation, inference and measurement

(3) Observation, classification and inference

(4) Observation and measurement

निर्देश : प्रश्न संख्या **85** से **87** तक नीचे दिए गए परिच्छेद पर आधारित हैं।

कक्षा VIII की एक शिक्षिका ने अपनी कक्षा में नीचे दिए गए क्रियाकलाप का निदर्शन दिया :

''शिक्षिका ने एक चम्मच में थोड़ा-सा सल्फर लेकर उसे जलाया। उन्होंने फिर उस चम्मच को ढक्कन वाले गिलास के भीतर रखा और यह सुनिश्चित किया कि बनने वाली गैस गिलास से बाहर न जाए। कुछ मिनट पश्चात् उन्होंने गिलास में पानी डाला।''

**85.** क्या होता है यदि इस गिलास में नीले और लाल लिटमस पत्र डाले जाते हैं?

(1) दोनों में कोई परिवर्तन नहीं होता।

(2) नीला लिटमस पत्र लाल हो जाता है।

(3) नीला लिटमस पत्र नीला ही रहता है।

(4) लाल लिटमस पत्र नीला हो जाता है।

**86.** ऊपर दिखाए गए क्रियाकलाप में जल में सल्फर डाइऑक्साइड के घुलने पर कौन-सा पदार्थ बनता है?

(1) सल्फर हाइड्रॉक्साइड

(2) सल्फ्युरिक अम्ल

(3) सल्फ्युरिक ऑक्साइड

(4) सल्फ्युरस अम्ल

**87.** उपर्युक्त क्रियाकलाप द्वारा किन प्रक्रिया कुशलताओं को प्रोत्साहित किया जा सकता है?

(1) प्रेक्षण और चरों पर नियंत्रण

(2) प्रेक्षण, निष्कर्ष निकालना और मापन

(3) प्रेक्षण, वर्गीकरण और निष्कर्ष निकालना

(4) प्रेक्षण और मापन

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

**88.** A science teacher asks her students to put two drops each of oil and sugar solution on a flat surface. She then asks them to tilt the surface and observe the order in which the drops reach the bottom. Which property of the liquids is the teacher trying to bring to the students' attention through this activity?

(1) Point
(2) Viscosity
(3) Solubility
(4) Volume

**89.** You find that many of your Class VI students believe that raw material for plant growth comes only from the soil. Which among the following would be the most appropriate strategy to counter this idea?

(1) Show the students a well-prepared PowerPoint presentation on photo-synthesis.
(2) Explain in detail the process of photosynthesis and the chemical reactions involved.
(3) Provide the students with a money plant in water and ask them to observe its growth and make an inference.
(4) Provide the students with an interesting reading material on the process of food manufacture in plants.

**90.** The criterion of process validity of science curriculum requires that :

(1) science should be taught as a specialized discipline with its unique characteristics
(2) science should be presented as a value-free discipline uninfluenced by societal concerns
(3) learners should be familiarized with various natural processes
(4) learners should be engaged in processes that lead to generation of scientific knowledge

**88.** एक विज्ञान शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को एक समतल सतह पर तेल और चीनी के घोल, दोनों की दो-दो बूँदें रखने को कहती है। उसके बाद वह उन्हें सतह को टेढ़ा करने और उन बूँदों के नीचे पहुँचने के क्रम का प्रेक्षण करने को कहती है। इस क्रियाकलाप से शिक्षिका द्रव के किस गुण को विद्यार्थियों के संज्ञान में लाना चाहती है?

(1) बिन्दु
(2) श्यानता (विस्कोसिटी)
(3) विलेयता
(4) परिमाण

**89.** आपको पता चलता है कि आपकी कक्षा VI के बहुत-से विद्यार्थियों का विश्वास है कि पौधे की वृद्धि के लिए कच्चा माल केवल मृदा से ही प्राप्त होता है। इस विचार के खंडन में निम्नलिखित में से कौन-सी युक्ति सबसे अधिक उपयुक्त होगी?

(1) विद्यार्थियों को प्रकाश-संश्लेषण के बारे में एक सुनिर्मित पावरप्वॉइंट प्रस्तुति दिखाना।
(2) प्रकाश-संश्लेषण की प्रक्रिया तथा संबद्ध रासायनिक प्रतिक्रियाओं को विस्तारपूर्वक समझाना।
(3) विद्यार्थियों को पानी में लगा मनी प्लांट देना और उसकी वृद्धि का प्रेक्षण कर निष्कर्ष निकालने के लिए कहना।
(4) पौधों में भोजन-निर्माण की प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को मनोरंजक पठन सामग्री उपलब्ध कराना।

**90.** विज्ञान पाठ्यक्रम की प्रक्रियात्मक वैधता के मानदण्ड की अपेक्षा है कि :

(1) विज्ञान को एक ऐसे विशेष विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए जिसकी अनूठी विशिष्टताएँ हैं
(2) विज्ञान को मूल्यों से मुक्त सामाजिक सरोकारों से अप्रभावित विषय के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए
(3) शिक्षार्थियों को विभिन्न प्राकृतिक प्रक्रियाओं से सुपरिचित कराया जाना चाहिए
(4) शिक्षार्थियों को ऐसी प्रक्रियाओं में व्यस्त रखा जाना चाहिए जो वैज्ञानिक सोच को पैदा करने की दिशा में ले जाती हों

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

| | |
|---|---|
| **IMPORTANT** : Candidates have to do Question Nos. **31** to **90** *Either* from Part—II (Mathematics and Science) *Or* from Part—III (Social Studies/Social Science). | **महत्त्वपूर्ण** : परीक्षार्थियों को प्रश्न सं० **31** से **90** या तो भाग—II (गणित और विज्ञान) या भाग—III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं। |

# PART—III / भाग—III

## SOCIAL STUDIES/SOCIAL SCIENCE / सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान

***Directions*** : Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**31.** You observe that students exhibit prejudices in a Social Science class. What would be your most appropriate response?

(1) Organize a discussion on dimensions of social reality.
(2) Ignore these comments.
(3) Reprimand students.
(4) Bring the chapter to a close.

**32.** From the given measures A, B and C, choose the most appropriate ones for teaching of social and political life :

A. Case studies
B. Definitions
C. Visual materials

(1) A, B and C
(2) A and B
(3) A and C
(4) B and C

**33.** The most appropriate use of end-of-the-text questions in chapters is :

(1) to identify important sections from the chapter
(2) to enable students to understand and express in their own words what they have learnt
(3) to assist teachers summarize the chapter for the students
(4) to suggest questions for examinations

**34.** As per continuous and comprehensive evaluation, which of the following objectives is most appropriate regarding assessment?

(1) To encourage students to give responses
(2) To check students' recall of subject content
(3) To compare and rank students
(4) To motivate students by giving marks

***निर्देश*** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।

**31.** आप देखते हैं कि सामाजिक विज्ञान की कक्षा में विद्यार्थी कुछ पूर्वाग्रहों का प्रदर्शन करते हैं। आपकी सबसे उपयुक्त प्रतिक्रिया चुनिए।

(1) सामाजिक यथार्थ के आयामों पर एक परिचर्चा का आयोजन करूँगा।
(2) इन टिप्पणियों पर ध्यान नहीं दूँगा।
(3) विद्यार्थियों को दंडित करूँगा।
(4) पढ़ाए जा रहे अध्याय को पढ़ाना बंद कर दूँगा।

**32.** सामाजिक और राजनीतिक जीवन पढ़ाने के लिए दिए गए उपायों A, B और C में से सबसे उपयुक्त उपायों को चुनिए :

A. व्यक्ति अध्ययन
B. परिभाषाएँ
C. दृश्य सामग्रियाँ

(1) A, B और C
(2) A और B
(3) A और C
(4) B और C

**33.** पाठांत प्रश्नों का सबसे उपयुक्त उपयोग है :

(1) अध्याय से महत्त्वपूर्ण भागों की पहचान करना
(2) सीखे हुए को समझने में तथा अपने शब्दों में व्यक्त करने में विद्यार्थियों को सक्षम बनाना
(3) विद्यार्थियों के लिए अध्याय का सारांश प्रस्तुत करने में शिक्षकों की सहायता करना
(4) परीक्षा के लिए प्रश्न सुझाना

**34.** सतत और समग्र मूल्यांकन के अनुसार, आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य सबसे उपयुक्त है?

(1) विद्यार्थियों को उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करना
(2) विषयवस्तु के बारे में विद्यार्थियों के प्रत्यास्मरण का परीक्षण करना
(3) विद्यार्थियों की तुलना कर उनका रैंक निर्धारित करना
(4) विद्यार्थियों को अंक देकर प्रेरित करना



Scanned by CamScanner

**35.** History will help you to :

A. understand how the present evolved

B. understand the working of our physical and social world

C. compare the past with the present

Which of the above are **correct**?

(1) A and B
(2) A, B and C
(3) B and C
(4) A and C

**36.** A teacher wants to assign a project on 'Partition of India' based on primary sources. Which of the following is **not** a primary source?

(1) Newspaper archives
(2) Oral history
(3) Novels
(4) Autobiographies

**37.** Which of the following subjects is **not** included in Social Science at the upper primary level?

(1) Psychology
(2) Political Science
(3) Geography
(4) History

**38.** When a narrative is given on situations of two people living in different contexts, the Social Science teacher must encourage students to :

(1) make caste/class/gender distinctions among them
(2) make value judgements about the characters in the narrative
(3) examine information presented through them
(4) identify role models from among them

**39.** Which of the following statements provides a **correct** description of Social Science at the upper primary level?

(1) It stimulates critical thinking and imagination.
(2) It is less scientific and is based on beliefs.
(3) It is not useful in real life and for getting employment.
(4) It is full of facts which are to be memorized.

**35.** इतिहास आपके लिए सहायक होगा :

A. वर्तमान का कैसे विकास हुआ यह समझने में

B. हमारे भौतिक और सामाजिक विश्व की गतिविधि को समझने में

C. अतीत की वर्तमान से तुलना करने में

उपर्युक्त में से कौन-से **सही** हैं?

(1) A और B
(2) A, B और C
(3) B और C
(4) A और C

**36.** एक शिक्षक 'भारत के विभाजन' पर प्राथमिक स्रोतों पर आधारित एक कार्ययोजना (प्रोजेक्ट) करवाना चाहता है। निम्नलिखित में से कौन-सा प्राथमिक स्रोत **नहीं** है?

(1) समाचार-पत्रों का पुरालेखागार
(2) मौखिक इतिहास
(3) उपन्यास
(4) आत्मकथाएँ

**37.** उच्च प्राथमिक स्तर पर, निम्नलिखित में से किस विषय को सामाजिक विज्ञान में सम्मिलित **नहीं** किया गया है?

(1) मनोविज्ञान
(2) राजनीति-विज्ञान
(3) भूगोल
(4) इतिहास

**38.** जब विभिन्न संदर्भों में रहने वाले दो व्यक्तियों की स्थितियों पर कोई वर्णन दिया जाता है, तब सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को अपने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास करना चाहिए जिससे कि वे :

(1) उनमें जाति/वर्ग/लिंग विभेद करें
(2) उस वर्णन के पात्रों के बारे में मूल्यपरक निर्णय करें
(3) उनके माध्यम से प्रस्तुत सूचना का परीक्षण करें
(4) उनमें से आदर्श पात्र की पहचान करें

**39.** उच्च प्राथमिक स्तर पर, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सामाजिक विज्ञान का **सही** वर्णन करता है?

(1) यह विवेचनात्मक सोच और कल्पनाशीलता को प्रेरित करता है।
(2) यह कम वैज्ञानिक है और धारणाओं पर आधारित है।
(3) यह वास्तविक जीवन और रोजगार दिलाने के लिए उपयोगी नहीं है।
(4) यह ऐसे तथ्यों से भरपूर है, जिन्हें याद रखना जरूरी है।



Scanned by CamScanner

40. Which of the following human values would be most important for ensuring principles of social equality?
(1) Efficiency
(2) Consumerism
(3) Competitiveness
(4) Mutual respect

41. A teacher wants students to find out the sources of funds available to a municipal corporation. Which of the following methods would be most reliable and feasible?
(1) Searching government web sites
(2) Conducting interviews with councillors
(3) Holding discussions amongst themselves
(4) Organizing a lecture by an expert

42. Which of the following contents could be best depicted in a pie diagram?
(1) Distribution of air pressure
(2) Distribution of water bodies
(3) Distribution of ocean currents
(4) Distribution of temperature

43. Which of the following learning materials is most relevant to teaching of 'Rotation of the Earth' at Class VI level?
(1) Globe
(2) Atlas
(3) Map
(4) Chart

44. Consider the two themes A and B and choose the **correct** theme/themes to discuss gender parity :
A. Dignity of labour
B. Home management responsibilities
(1) Both A and B are irrelevant
(2) Only A is relevant
(3) Only B is relevant
(4) Both A and B are relevant

45. Which of the following methods could be considered most appropriate for encouraging students to think like historians?
(1) Source method
(2) Project method
(3) Storytelling
(4) Inquiry method

40. सामाजिक समानता के सिद्धान्तों को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मानव-मूल्य सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होगा?
(1) दक्षता
(2) उपभोक्तावाद
(3) प्रतिस्पर्धा
(4) परस्पर आदर

41. एक शिक्षक चाहता है कि उसके विद्यार्थी नगर निगम को उपलब्ध धनराशि के स्रोतों का पता लगाएँ। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे अधिक विश्वसनीय और उपयुक्त होगी?
(1) सरकारी वेब साइटों को ढूँढ़ना
(2) काउंसिलरों के साथ भेंटवार्ताएँ
(3) आपस में विमर्श करना
(4) किसी विशेषज्ञ का भाषण आयोजित करना

42. निम्नलिखित में से किस विषय सामग्री को पाई आरेख के द्वारा सबसे अच्छी तरह प्रदर्शित किया जा सकता है?
(1) वायुदाब का वितरण
(2) जलाशयों का वितरण
(3) समुद्री लहरों का वितरण
(4) तापमान का वितरण

43. कक्षा VI के स्तर पर 'पृथ्वी का परिक्रमण' पढ़ाने के लिए सबसे उपयुक्त अधिगम सहायक सामग्री क्या होगी?
(1) ग्लोब
(2) ऐट्लस
(3) मानचित्र
(4) चार्ट

44. दो विषयों A और B पर विचार कीजिए और लिंग समानता के बारे में चर्चा करने के लिए **सही** विषय/विषयों को चुनिए :
A. श्रम की महत्ता
B. गृह-व्यवस्था के उत्तरदायित्व
(1) A और B दोनों अप्रासंगिक हैं
(2) केवल A प्रासंगिक है
(3) केवल B प्रासंगिक है
(4) A और B दोनों प्रासंगिक हैं

45. विद्यार्थियों को इतिहासकारों के समान सोचने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी?
(1) स्रोत विधि
(2) परियोजना विधि
(3) कहानी सुनाने वाली विधि
(4) पूछताछ विधि



Scanned by CamScanner

**46.** The best methodology to teach the theme, 'Factory' would be to :

(1) narrate a story

(2) invite a resource person

(3) organize a visit to an industrial plant

(4) screen a documentary film

**47.** Consider the following three statements on the *Rigveda* and choose the **correct** answer :

A. It was written 3500 years ago.

B. It was composed in Prakrit.

C. It has more than a thousand hymns.

(1) A is false, B and C are true

(2) A is true, B and C are false

(3) B is true, A and C are false

(4) C is true, A and B are false

**48.** In which of the following oceans is Mauna Kea (Hawaii), an undersea mountain higher than Mount Everest, found?

(1) The Indian Ocean

(2) The Atlantic Ocean

(3) The Pacific Ocean

(4) The Arctic Ocean

**49.** *Vinaya Pitaka* is a book that records :

(1) Jain teachings

(2) Vedic rituals

(3) conversations among teachers

(4) Buddhist rules

**50.** Who among the following supervises the work of the 'Patwaris'?

(1) Sarpanch of the Village Panchayat

(2) Tehsildar

(3) District Collector

(4) SHO of the Police Station of the area

**46.** 'कारखाना' विषय को पढ़ाने के लिए सबसे उपयोगी विधि होगी :

(1) एक कहानी सुनाना

(2) किसी विशेषज्ञ को निमंत्रित करना

(3) किसी औद्योगिक कारखाने की यात्रा आयोजित करना

(4) एक डॉक्यूमेंटरी फिल्म दिखाना

**47.** 'ऋग्वेद' के विषय में निम्नलिखित तीन कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. यह 3500 वर्ष पूर्व लिखा गया था।

B. इसकी रचना प्राकृत में की गई थी।

C. इसमें एक हज़ार से अधिक प्रार्थनाएँ हैं।

(1) A ग़लत है, B और C सही हैं

(2) A सही है, B और C ग़लत हैं

(3) B सही है, A और C ग़लत हैं

(4) C सही है, A और B ग़लत हैं

**48.** मॉनाकी पर्वत (हवाई द्वीप) सागर की सतह के नीचे स्थित है और इसकी ऊँचाई एवरेस्ट पर्वत से भी अधिक है। यह निम्नलिखित महासागरों में से किसमें स्थित है?

(1) हिन्द महासागर

(2) अटलांटिक महासागर

(3) प्रशान्त महासागर

(4) आर्कटिक महासागर

**49.** 'विनय पिटक' एक ग्रंथ है जो अभिलेखित करता है :

(1) जैन धर्म की शिक्षाएँ

(2) वैदिक कर्मकांड

(3) शिक्षकों के मध्य बातचीत

(4) बौद्धों के नियम

**50.** 'पटवारियों' (लेखपालों) के कार्य की देखभाल निम्नलिखित में से कौन करता है?

(1) ग्राम पंचायत का सरपंच

(2) तहसीलदार

(3) ज़िलाधीश

(4) सम्बन्धित क्षेत्र के पुलिस स्टेशन का एस० एच० ओ०



Scanned by CamScanner

51. Which of the following statements is **correct** about Megaliths?
(1) All were found underground and hidden away from view.
(2) They provided raw materials for making stone tools.
(3) They were concentrated in the North-West of the Indian subcontinent.
(4) They were used to mark burial sites.

52. Which of the following are **not** earthquake waves?
(1) Surface waves
(2) Longitudinal waves
(3) Harbour waves
(4) Transverse waves

53. What is EDUSAT?
(1) The rocket that carries man-made satellites to be placed in the orbit around the Sun
(2) A newly discovered planet in the solar system
(3) An asteroid found between the orbits of Mars and Jupiter
(4) A man-made Indian satellite

54. Which of the following spheres has living organisms including humans that are majorly affected as a result of global warming?
(1) Biosphere
(2) Hydrosphere
(3) Lithosphere
(4) Atmosphere

55. In which of the following categories of rocks does Deccan Plateau of India, made up of basalt rocks, fall?
(1) Sedimentary rocks
(2) Extrusive igneous rocks
(3) Intrusive igneous rocks
(4) Metamorphic rocks

56. Which of the following landforms is largely rich in mineral deposits?
(1) Valley
(2) Plain
(3) Mountain
(4) Plateau

51. महापाषाणों के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन **सही** है?
(1) ये सभी भूमिगत और दृष्टि से ओझल रूप में पाए गए थे।
(2) ये पत्थर के औज़ार बनाने के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराते थे।
(3) ये भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिम में संकेन्द्रित थे।
(4) इनका उपयोग दफ़न करने की जगहों को चिह्नित करने के लिए किया जाता था।

52. निम्नलिखित में से कौन-सी भूकंपीय तरंगें **नहीं** हैं?
(1) पृष्ठीय तरंगें
(2) अनुदैर्घ्य तरंगें
(3) पोताश्रय तरंगें
(4) अनुप्रस्थ तरंगें

53. एडूसैट (EDUSAT) से क्या अभिप्राय है?
(1) रॉकेट जिसका उपयोग मानव-निर्मित उपग्रहों को सूर्य की कक्षा में स्थापित करने के लिए किया जाता है
(2) सौरमंडल में खोजा गया एक नया ग्रह
(3) एक क्षुद्र ग्रह जो मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाया जाता है
(4) एक मानव-निर्मित भारतीय उपग्रह

54. निम्नलिखित परिमंडलों में से किसमें मानव सहित जीवित जीव पाए जाते हैं, जो बहुसंख्या में भूतापन के कारण प्रभावित होते हैं?
(1) जीवमंडल
(2) जलमंडल
(3) स्थलमंडल
(4) वायुमंडल

55. भारत का दक्कन पठार, जो बेसाल्ट शैलों से बना है, निम्नलिखित में से शैलों की किस श्रेणी के अन्तर्गत आता है?
(1) अवसादी शैल
(2) बहिर्भेदी आग्नेय शैल
(3) अन्तर्भेदी आग्नेय शैल
(4) कायांतरित शैल

56. निम्नलिखित स्थलरूपों में से किसमें खनिज निक्षेपों की प्रचुरता पाई जाती है?
(1) घाटी
(2) मैदान
(3) पर्वत
(4) पठार



Scanned by CamScanner

57. Consider the following two statements about elections in a democracy :

A. In a representative democracy, people participate indirectly by electing their representatives who make decisions for the entire country.

B. The governments can be changed by regular elections.

Choose the **correct** option.

(1) Both A and B are false

(2) A is true, B is false

(3) A is false, B is true

(4) Both A and B are true

58. Which of the following is **not** a site of the Mughal Chahar Bagh?

(1) Quwwat-ul-Islam Mosque

(2) Humayun's Tomb

(3) Shalimar Garden

(4) Lal Mahal Bari

59. Which of the following statements is **correct** about Panchayati Raj System in India?

(1) The Secretary of the Gram Sabha is elected by its members.

(2) The Zila Parishad is the second tier of the Panchayati Raj System.

(3) The tenure of a Gram Panchayat is 4 years.

(4) Each state of the country has its own laws with regard to the Panchayats within the constitutional guidelines.

60. The verses and ideas of which of the following personalities have been preserved in 'Panchvani' and 'Bijak'?

(1) Mirabai

(2) Kabir

(3) Guru Nanak

(4) Ravidas

57. लोकतंत्र में चुनावों के सम्बन्ध में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए :

A. प्रतिनिधित्व लोकतंत्र में लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनकर अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेते हैं और वे प्रतिनिधि पूरे देश के लिए कानून और नियम बनाते हैं।

B. सरकारें नियमित चुनावों द्वारा बदली जा सकती हैं।

**सही** विकल्प को चुनिए।

(1) A और B दोनों ग़लत हैं

(2) A सही है, B ग़लत है

(3) A ग़लत है, B सही है

(4) A और B दोनों सही हैं

58. निम्नलिखित में से कौन-सा मुगल चहारबाग का एक स्थल **नहीं** है?

(1) कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद

(2) हुमायूँ का मक़बरा

(3) शालीमार बाग

(4) लाल महल बारी

59. भारत में पंचायती राज प्रणाली के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) ग्राम सभा के सचिव का चुनाव उसके सदस्यों द्वारा किया जाता है।

(2) ज़िला परिषद् पंचायती राज प्रणाली का द्वितीय स्तर है।

(3) ग्राम पंचायत की अवधि 4 वर्ष होती है।

(4) संवैधानिक दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत, देश के प्रत्येक राज्य में पंचायतों के सम्बन्ध में अपने कानून होते हैं।

60. निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसकी कविताओं और विचारों को 'पंचवाणी' और 'बीजक' में संरक्षित किया गया है?

(1) मीराबाई

(2) कबीर

(3) गुरु नानक

(4) रविदास



Scanned by CamScanner

**61.** Which of the following statements about the Gond Kingdom of Garha Katanga is **correct**?

(1) It became much stronger against the weaker Bundelas and Marathas.

(2) It was a rich kingdom. It earned wealth by trapping and exporting wild elephants to other kingdoms.

(3) In 1565, the Mughal forces attacked Garha Katanga and were defeated by Rani Durgawati.

(4) The kingdom only comprised cities.

**62.** The wall relief from Cave 15, Ellora, which shows Vishnu as Narasimha, the man-lion, is a work of which period?

(1) Gurjara-Pratihara period

(2) Rashtrakuta period

(3) Chalukya period

(4) Gupta period

**63.** From among the following, which is a **correct** feature of the 'Barter system'?

(1) It is a trade in which goods are exchanged with the use of money.

(2) It makes exchange of things easier.

(3) It is an expensive and time-consuming process.

(4) It is a trade in which goods are exchanged without the use of money.

**64.** In which of the following landforms are 'Mushroom rocks' found?

(1) Desert

(2) Delta

(3) Glacial moraine

(4) Sea cave

**65.** Under whom did Bengal gradually break away from the Mughal control in the 18th century?

(1) Nadir Shah

(2) Murshid Quli Khan

(3) Nizam-ul-Mulk Asaf Jah

(4) Alivardi Khan

**61.** गढ़ कटंगा के गोंड राज्य के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) यह कमज़ोर बुंदेलों और मराठों के ख़िलाफ़ अधिक शक्तिशाली बना।

(2) यह एक समृद्ध राज्य था। इसने जंगली हाथियों को पकड़ कर और उनको दूसरे राज्यों में निर्यात करके धन कमाया।

(3) 1565 में मुगल सेनाओं ने गढ़ कटंगा पर हमला किया और उन्हें रानी दुर्गावती द्वारा हार का मुँह देखना पड़ा।

(4) यह राज्य केवल नगरों से बना था।

**62.** एलोरा की गुफा 15 का भित्ति चित्र, जिसमें विष्णु को नरसिंह अर्थात् पुरुष-सिंह के रूप में दिखलाया गया है, किस काल की कृति है?

(1) गुर्जर-प्रतिहार काल

(2) राष्ट्रकूट काल

(3) चालुक्य काल

(4) गुप्त काल

**63.** निम्नलिखित में से 'वस्तु-विनिमय पद्धति' की **सही** विशेषता कौन-सी है?

(1) यह वह व्यापार है, जिसमें वस्तुओं की अदला-बदली में धन का प्रयोग किया जाता है।

(2) यह वस्तुओं के लेन-देन को आसान बनाती है।

(3) यह खर्चीली और समयसाध्य प्रक्रिया है।

(4) यह धन का उपयोग किए बिना वस्तुओं की अदला-बदली का व्यापार है।

**64.** निम्नलिखित स्थलाकृतियों में से किसमें 'छत्रक शैल' पाए जाते हैं?

(1) रेगिस्तान

(2) डेल्टा

(3) हिमनद हिमोढ़

(4) समुद्री गुफा

**65.** निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व में बंगाल 18वीं सदी में धीरे-धीरे मुगल नियंत्रण से अलग हो गया?

(1) नादिर शाह

(2) मुर्शिद कुली खान

(3) निज़ाम-उल-मुल्क असफ़ जाह

(4) अलीवर्दी खान



Scanned by CamScanner

66. Match the following and choose the **correct** answer :

| Layers of the atmosphere | | Features |
|---|---|---|
| (a) Troposphere | (i) | Ionosphere is part of this layer. |
| (b) Stratosphere | (ii) | Meteorites burn up in this layer on entering from the space. |
| (c) Mesosphere | (iii) | It contains a layer of ozone gas. |
| (d) Thermosphere | (iv) | Almost all the weather phenomena occur in this layer. |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | iii | iv | i | ii |

67. Consider the following two statements about medical tourists in India :

A. They are foreigners who come to India specifically for medical treatment at hospitals that provide world class facilities at a lower cost than what they would have to pay in their own countries.

B. They are migrants from within India who move from one state to another where there are low-cost hospitals that offer world class facilities at less than what they would have to pay in their own state.

Choose the **correct** option.

(1) Both A and B are false

(2) A is true, B is false

(3) A is false, B is true

(4) Both A and B are true

66. निम्नलिखित का मिलान कीजिए और **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| वायुमंडल की परतें | | विशेषताएँ |
|---|---|---|
| (a) क्षोभमंडल | (i) | आयनमंडल इस परत का एक भाग है। |
| (b) समतापमंडल | (ii) | अन्तरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्कापिंड इस परत में आने पर जल जाते हैं। |
| (c) मध्यमंडल | (iii) | इसमें ओज़ोन गैस की एक परत होती है। |
| (d) बाह्य वायुमंडल | (iv) | मौसम की लगभग सभी घटनाएँ इस परत में घटित होती हैं। |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | iii | ii | i |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | iii | iv | i | ii |

67. भारत में चिकित्सा-पर्यटकों के संदर्भ में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए :

A. वे विदेशी पर्यटक हैं, जो भारत के उन अस्पतालों में अपना इलाज कराने के लिए विशेष रूप से आते हैं, जहाँ उन्हें अपने देश की तुलना में कम मूल्य पर विश्व-स्तरीय सुविधाएँ प्राप्त हो जाती हैं।

B. वे भारत के भीतर के ही प्रवासी हैं, जो एक राज्य से दूसरे राज्य के उन अस्पतालों में अपना इलाज कराने के लिए जाते हैं, जहाँ उन्हें अपने राज्य की तुलना में कम मूल्य पर विश्व-स्तरीय सुविधाएँ प्राप्त हो जाती हैं।

**सही** विकल्प को चुनिए।

(1) A और B दोनों ग़लत हैं

(2) A सही है, B ग़लत है

(3) A ग़लत है, B सही है

(4) A और B दोनों सही हैं



Scanned by CamScanner

**68.** Ramabai who championed the cause of women's education never went to school. Yet she was given the title 'Pandita' because :

(1) widows and poor women in her Mission were not only encouraged to become literate but also become independent with the help of vocational skills

(2) she learnt to read and write from her parents

(3) she could read and write Sanskrit, a remarkable achievement, as women during her time were not allowed to acquire such knowledge

(4) she set up a Mission in Khedagaon near Pune for promoting women's education

**69.** In 1856, who among the following Governor Generals decided that Bahadur Shah Zafar would be the last Mughal King and after his death none of the descendants would be recognized as a King?

(1) Cornwallis

(2) Canning

(3) Dalhousie

(4) Hastings

**70.** Which of the following statements is **incorrect** about Gandhiji's views on colonial education?

(1) Education in English distanced Indians from their social surroundings.

(2) Colonial education created a sense of inferiority in the minds of Indians.

(3) Western education valued textbooks rather than life experiences and practical knowledge.

(4) English education focussed on oral knowledge rather than reading and writing.

**68.** रमाबाई, जो महिला शिक्षा की योद्धा थीं, कभी स्कूल नहीं गईं। फिर भी उन्हें 'पण्डिता' की उपाधि दी गई, क्योंकि :

(1) उनके मिशन ने विधवाओं और गरीब महिलाओं को न केवल पढ़ने-लिखने के लिए प्रोत्साहित किया, अपितु व्यावसायिक कुशलताओं की सहायता से स्वावलम्बी होने की शिक्षा भी दी

(2) उन्होंने अपने माता-पिता से पढ़ना-लिखना सीखा

(3) वे संस्कृत पढ़ना-लिखना जानती थीं, जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि उनके समय में महिलाओं को इस प्रकार का ज्ञान अर्जित करने की अनुमति नहीं थी

(4) उन्होंने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुणे के पास खेड़ागाँव में एक मिशन स्थापित किया

**69.** सन् 1856 में निम्नलिखित गवर्नर जनरलों में से किसने यह निर्णय किया था कि बहादुर शाह ज़फर आखिरी मुगल बादशाह होंगे और उनकी मृत्यु के बाद उनके किसी वंशज को बादशाह नहीं माना जाएगा?

(1) कॉर्नवालिस

(2) कैनिंग

(3) डलहौज़ी

(4) हेस्टिंग्स

**70.** औपनिवेशिक शिक्षा पर गांधीजी के विचारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन **ग़लत** है?

(1) अंग्रेजी में दी जा रही शिक्षा ने भारतीयों को अपने सामाजिक परिवेश से काट दिया।

(2) औपनिवेशिक शिक्षा ने भारतीयों के मस्तिष्क में हीनता का भाव पैदा कर दिया।

(3) पश्चिमी शिक्षा में जीवन के अनुभवों और व्यावहारिक ज्ञान की अपेक्षा पाठ्य-पुस्तकों पर अधिक बल दिया गया।

(4) अंग्रेजी शिक्षा ने पढ़ने और लिखने की अपेक्षा मौखिक ज्ञान पर अधिक बल दिया।



Scanned by CamScanner

**71.** Consider the following two statements about the changes brought about in the administrative policies of the British Government immediately after the Revolt of 1857 :

A. The British Parliament passed a new Act in 1858 and transferred all powers of the East India Company to the British Crown.

B. It was decided that the proportion of Indian soldiers in the army would be increased and the number of European soldiers would be decreased.

Choose the **correct** option.

(1) Both A and B are false
(2) A is true, B is false
(3) A is false, B is true
(4) Both A and B are true

**72.** Who among the following was a veteran nationalist leader of the 'Salt Satyagraha' in South India?

(1) C. Rajagopalachari
(2) Sardar Vallabhbhai Patel
(3) Potti Sriramulu
(4) Mahatma Gandhi

**73.** Jyotirao Phule dedicated his book, *Ghulamgiri* to which of the following?

(1) Indian soldiers who died in the Second World War
(2) Indians who participated in the Indian freedom struggle
(3) Americans who participated in the American Civil War to end slavery
(4) Women who participated in the Suffragette Movement in Britain

**74.** Consider the following two statements about the High Courts in India :

A. The High Courts are under the State Governments and act on their behalf.

B. All judges of the High Courts are appointed in consultation with the Chief Ministers of the states.

Choose the **correct** option.

(1) Both A and B are false
(2) A is true, B is false
(3) A is false, B is true
(4) Both A and B are true

**71.** 1857 के विद्रोह के तत्काल बाद ब्रिटिश सरकार की प्रशासनिक नीतियों में आए परिवर्तनों के संदर्भ में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए :

A. ब्रिटिश संसद ने 1858 में एक नया कानून पारित किया और ईस्ट इन्डिया कंपनी के सभी अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के हाथों में सौंप दिए।

B. यह तय किया गया कि सेना में भारतीय सिपाहियों का अनुपात बढ़ाया जाय तथा यूरोपीय सिपाहियों की संख्या को कम किया जाय।

**सही** विकल्प को चुनिए।

(1) A और B दोनों ग़लत हैं
(2) A सही है, B ग़लत है
(3) A ग़लत है, B सही है
(4) A और B दोनों सही हैं

**72.** दक्षिण भारत में 'नमक सत्याग्रह' के एक वयोवृद्ध राष्ट्रवादी नेता निम्नलिखित में से कौन थे?

(1) सी० राजगोपालाचारी
(2) सरदार वल्लभभाई पटेल
(3) पोट्टि श्रीरामुलु
(4) महात्मा गांधी

**73.** ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक 'गुलामगीरी' को निम्नलिखित में से किन्हें समर्पित किया?

(1) उन भारतीय सैनिकों को जो द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गए थे
(2) उन भारतीयों को, जिन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया
(3) उन अमरीकियों को, जिन्होंने गुलामों को मुक्ति दिलाने के लिए अमरीकी गृहयुद्ध में भाग लिया
(4) उन महिलाओं को, जिन्होंने ब्रिटेन में नारी मताधिकार आंदोलन में भाग लिया

**74.** भारत में उच्च न्यायालयों के सम्बन्ध में दिए गए दो कथनों पर विचार कीजिए :

A. उच्च न्यायालय राज्य सरकारों के अन्तर्गत आते हैं और उनकी ओर से ही कार्य करते हैं।

B. उच्च न्यायालयों के सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्य के मुख्य मंत्री के साथ विचार-विमर्श करने के बाद की जाती है।

**सही** विकल्प को चुनिए।

(1) A और B दोनों ग़लत हैं
(2) A सही है, B ग़लत है
(3) A ग़लत है, B सही है
(4) A और B दोनों सही हैं



Scanned by CamScanner

**75.** Which of the following items known as 'Calico' were taken back by the Portuguese to Europe from India?

(1) Piece goods

(2) Spices

(3) Cotton textiles

(4) Muslin

**76.** A teacher feels that there is considerable content-load at the upper primary level. Suggest the best approach from the following options to resolve this problem.

(1) Skip the activities which are not examined.

(2) Identify important areas from each chapter and give notes.

(3) Teach the whole syllabus rapidly.

(4) Develop themes that could teach several concepts across disciplinary boundaries.

**77.** Deep bores are made to reach mineral deposits that lie at great depths. This kind of mining is known as :

(1) quarrying

(2) open-cast mining

(3) shaft mining

(4) drilling

**78.** Uranium found in Ladakh is an example of :

(1) deposit resource

(2) actual resource

(3) potential resource

(4) stock resource

**79.** Hot springs are formed as a result of heat energy obtained from :

(1) geothermal energy

(2) solar energy

(3) tidal energy

(4) wind energy

**75.** निम्नलिखित मदों में से कौन-सी मद 'कैलिको' के नाम से जानी गई, जिसे पुर्तगाली भारत से यूरोप ले गए थे?

(1) फुटकर माल (पीस गुड्स)

(2) मसाले

(3) सूती कपड़े

(4) मस्लिन (मलमल)

**76.** एक शिक्षक अनुभव करता है कि उच्च प्राथमिक स्तर पर विषय का भार बहुत है। निम्नलिखित में से सबसे अच्छे उपागम का सुझाव दीजिए जो इस समस्या का समाधान करे।

(1) क्रियाकलाप छोड़ दें क्योंकि उनका परीक्षण नहीं होता।

(2) प्रत्येक अध्याय से महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान कर इन पर नोट्स लिखाएँ।

(3) सारे पाठ्यक्रम को जल्दी-जल्दी पढ़ा दें।

(4) ऐसी विषयवस्तुएँ विकसित करें जो विषय सीमाओं को पार करके कई प्रत्ययों को सिखा सके।

**77.** अधिक गहराई में स्थित खनिज निक्षेपों तक पहुँचने के लिए गहरे छिद्र बनाए जाते हैं। इस प्रकार के खनन को कहा जाता है :

(1) उत्खनन

(2) विवृत खनन

(3) कूपकी खनन

(4) प्रवेधन

**78.** लद्दाख में पाया जाने वाला यूरेनियम एक उदाहरण है :

(1) निक्षेप संसाधन का

(2) वास्तविक संसाधन का

(3) संभाव्य संसाधन का

(4) भंडार संसाधन का

**79.** गर्म जल के झरने _____ से प्राप्त ताप ऊर्जा के परिणामस्वरूप बनते हैं।

(1) भूतापीय ऊर्जा

(2) सौर ऊर्जा

(3) ज्वारीय ऊर्जा

(4) पवन ऊर्जा



Scanned by CamScanner

**80.** From among the following, select the **correct** feature of plantation farming practised in the world.

(1) In this type of farming, farmers work with the help of their family members for an intensive use of land.

(2) This cultivation is practised in the interior of the semi-arid lands of the midlatitudes.

(3) There is low yield per acre.

(4) This is a commercial type of farming practised on large estates.

**81.** Which of the following cities had always a unique advantage as a city with highest availability of middle and top management talent?

(1) Bengaluru (Bangalore)

(2) Pune

(3) Chandigarh

(4) Kochi

**82.** The 'Legislature' organ of the state refers to :

(1) bureaucrats responsible for implementing laws

(2) the judges of the Supreme Court

(3) the elected representatives of the citizens

(4) every citizen of the country

**83.** Which of the following statements about the redressal of a case under criminal law is **correct**?

(1) First FIR is lodged with the police and then a petition has to be filed before the relevant court by the affected party only.

(2) First FIR is lodged with the police and it is then that the case is filed in the court.

(3) No FIR is lodged and a petition has to be filed before the relevant court by the affected party only.

(4) First the case is filed in the court and then the FIR is lodged with the police.

**80.** संसार में प्रचलित रोपण कृषि की **सही** विशेषता का चयन निम्नलिखित में से कीजिए।

(1) इस प्रकार की कृषि में भूमि का गहन उपयोग करने के लिए कृषक अपने पूरे परिवार के साथ लगा रहता है।

(2) यह कृषि मध्य-अक्षांशों के आन्तरिक अर्ध-शुष्क प्रदेशों में की जाती है।

(3) इसमें प्रति एकड़ उपज कम होती है।

(4) यह वाणिज्यिक प्रकार की कृषि है, जो विस्तृत क्षेत्रों पर की जाती है।

**81.** मध्य और शीर्ष प्रबन्धन की प्रतिभा सर्वाधिक उपलब्ध होने का विशेष लाभ निम्नलिखित में से किस नगर को हमेशा प्राप्त है?

(1) बेंगलुरू (बंगलौर)

(2) पुणे

(3) चंडीगढ़

(4) कोच्चि

**82.** राज्य की 'विधायिका' अंग से अभिप्राय है :

(1) कानून लागू करने के लिए उत्तरदायी नौकरशाह

(2) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश

(3) नागरिकों द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि

(4) देश का प्रत्येक नागरिक

**83.** फ़ौजदारी कानून के अन्तर्गत मामले के निवारण के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) सबसे पहले पुलिस के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है और इसके बाद केवल प्रभावित पक्ष की ओर से सम्बन्धित न्यायालय में याचिका दायर करानी होती है।

(2) सबसे पहले पुलिस के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज कराई जाती है और इसके बाद ही अदालत में मामला दर्ज किया जाता है।

(3) प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जाती। केवल प्रभावित पक्ष की ओर से सम्बन्धित न्यायालय में याचिका दायर करानी होती है।

(4) सबसे पहले न्यायालय में मामले को दर्ज कराया जाता है और इसके बाद पुलिस के पास प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है।



Scanned by CamScanner

**84.** Which of the following statements about the role of police in investigating a crime is **correct**?

(1) Police can use confessions made in police custody as evidence against the accused.

(2) The Supreme Court guidelines do not allow police to torture or beat or shoot anyone during investigation.

(3) It is the job of police to decide whether a person is guilty or not.

(4) If police think that the evidence points to the guilt of the accused person, then they may file an FIR in the court.

**85.** Consider the following two statements on Fundamental Rights :

A. All Fundamental Rights laid down in the Constitution of India are enforceable in court.

B. The Right against Exploitation allows a citizen to move the higher court if he/she believes that the decision taken by a lower court is unjust.

Choose the **correct** option.

(1) Both A and B are false

(2) A is true, B is false

(3) A is false, B is true

(4) Both A and B are true

***Directions*** (Q. Nos. **86** to **88**) : Read the paragraph given below and answer the questions that follow.

Ranjan, who uses a wheelchair, has his classes held on the third floor of the school building. He waits everyday for the attendants to lift him up and carry him to his class through a crowd of students.

**86.** Which Article of the Indian Constitution is being violated?

(1) Article 360

(2) Article 15

(3) Article 25

(4) Article 370

**84.** अपराध की जाँच करने में पुलिस की भूमिका के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन **सही है**?

(1) पुलिस-हिरासत में दिए गए इकबालिया बयान को पुलिस आरोपी के खिलाफ सबूत के रूप में इस्तेमाल कर सकती है।

(2) सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पुलिस को जाँच के दौरान किसी को सताने या पीटने या गोली मारने की अनुमति नहीं देते हैं।

(3) कोई व्यक्ति दोषी है या नहीं यह निर्धारित करना पुलिस का काम है।

(4) अगर पुलिस को ऐसा लगता है कि सबूत आरोपी के दोषी होने का संकेत दे रहा है, तो वह अदालत में प्रथम सूचना रिपोर्ट दाखिल कर सकती है।

**85.** मौलिक अधिकारों के विषय में निम्नलिखित दो कथनों पर विचार कीजिए :

A. भारत के संविधान में दिए गए सभी मौलिक अधिकार न्यायालय में बाध्यकारी हैं।

B. शोषण के विरुद्ध अधिकार नागरिक को उच्च स्तर के न्यायालय में जाने के लिए अनुमति प्रदान करता है यदि वह समझता है कि निचले स्तर के न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय अन्यायपूर्ण है।

**सही** विकल्प को चुनिए।

(1) A और B दोनों ग़लत हैं

(2) A सही है, B ग़लत है

(3) A ग़लत है, B सही है

(4) A और B दोनों सही हैं

***निर्देश*** (प्र० सं० **86** से **88**) : नीचे दिए गए अवतरण को पढ़िए और उसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पहियेदार कुर्सी (वीलचेयर) का उपयोग करने वाले रंजन की कक्षा विद्यालय भवन की तीसरी मंजिल में लगती है। वह प्रत्येक दिन सहायक की प्रतीक्षा करता है जो उसे उठाकर विद्यार्थियों की भीड़ से होकर ले जाता है।

**86.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद का उल्लंघन हो रहा है?

(1) अनुच्छेद 360

(2) अनुच्छेद 15

(3) अनुच्छेद 25

(4) अनुच्छेद 370



Scanned by CamScanner

**87.** Which provision of the Disabilities Act, 1995, is the school **not** following?

(1) Schemes and programmes for non-formal education

(2) Educational rights of persons with disability

(3) Safe access to public places and buildings with ramps

(4) Mainstream and integrated education for persons with disability

**88.** Which of the following activities with students would be most appropriate for developing empathy towards Ranjan?

(1) Brainstorm on how to lift up the wheelchair.

(2) Ask students to carry Ranjan up and down the stairs.

(3) Hold a role-play where students experience being carried in a wheelchair.

(4) Invite a lawyer to give a lecture on 'Persons with Disabilities Act'.

**89.** While selecting a historical narrative, which of the following objectives should be considered?

(1) Imparting value judgements

(2) Highlighting popular incidents

(3) Valorizing famous personalities

(4) Making causal relations and inferences

**90.** You are teaching the topic, 'The Cholas' from the chapter, 'New Kingdoms'. At the end of the lesson, there is a section 'Elsewhere', providing information on the Tang Dynasty of China (Class VII, Our Pasts II, Page No. 28). As a Social Science teacher, what would be your pedagogical consideration in discussing this?

(1) Provide students with a chance to imagine China's past.

(2) Compare historical development in different societies.

(3) Introduce students to world history.

(4) Make students aware of interesting facts.

**87.** विकलांगता अधिनियम, 1995 के किस प्रावधान का पालन विद्यालय **नहीं** कर रहा है?

(1) अनौपचारिक शिक्षा के लिए योजनाएँ और कार्यक्रम

(2) विकलांग व्यक्तियों के शिक्षा के अधिकार

(3) रैम्प वाले सार्वजनिक स्थानों और भवनों तक सुरक्षित पहुँच

(4) विकलांग व्यक्तियों के लिए मुख्यधारा वाली और संयोजित शिक्षा

**88.** रंजन के प्रति समानुभूति के विकास के लिए विद्यार्थियों के साथ किया गया निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप सबसे अधिक उपयुक्त होगा?

(1) वीलचेयर कैसे ऊपर उठाया जाए इस पर एक विचारावेश।

(2) रंजन को सीढ़ियों से ऊपर ले जाने और नीचे लाने के लिए विद्यार्थियों को कहना।

(3) एक भूमिका-निर्वाह नाटिका का आयोजन करना जिससे विद्यार्थी वीलचेयर में ले जाए जाने को अनुभव कर सकें।

(4) 'विकलांगता अधिनियम' पर एक भाषण देने के लिए किसी वकील को आमंत्रित करना।

**89.** किसी ऐतिहासिक वर्णन का चुनाव करते समय निम्नलिखित में से किस उद्देश्य पर विचार किया जाना चाहिए?

(1) मूल्यपरक निर्णय देना

(2) लोकप्रिय घटनाओं को उजागर करना

(3) प्रसिद्ध व्यक्तियों का मूल्यवर्धन करना

(4) कारणात्मक सम्बन्ध और निष्कर्ष स्थापित करना

**90.** आप 'नए राज्य' पाठ में 'चोल' विषय पढ़ा रहे हैं। पाठ के अंत में 'अन्यत्र' खंड में चीन के तांग राजवंश पर सूचना दी गई है (कक्षा VII, हमारे अतीत II, पृष्ठ सं० 28)। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक होने के नाते इस पर विचार-विमर्श करते समय आपका शैक्षिक विचार क्या होगा?

(1) विद्यार्थियों को चीन के अतीत पर कल्पना करने का अवसर प्रदान करना।

(2) विभिन्न समाजों में ऐतिहासिक विकास की तुलना करना।

(3) विद्यार्थियों को विश्व इतिहास से परिचित कराना।

(4) विद्यार्थियों को रोचक तथ्यों के प्रति जागरूक करना।



Scanned by CamScanner

# PART—IV

## Language—I

### ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part—IV (Q. Nos. 91 to 120)**, if they have opted **ENGLISH** as **Language—I** only.

***Directions* :** Answer the following questions (Q. Nos. **91** to **105**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**91.** Language is a tool because :

(1) it is used for communication

(2) it is used for processing ideas

(3) it is used for thinking

(4) it is used for conveying ideas

**92.** Children can best learn a language when they have :

(1) a proficient language teacher

(2) inhibition

(3) motivation

(4) a good textbook

**93.** TBLT in second language teaching is :

(1) Task Book Language Teaching

(2) Tool-Based Language Teaching

(3) Task-Based Language Teaching

(4) Task-Based Language Training

**94.** The second language should be taught through :

(1) using the target language as much as it is possible

(2) mother tongue and translation

(3) learners' background and talent

(4) grammar and rules of language

**95.** There are 44 sounds in English. Out of these, how many sounds are vowels and how many are consonants respectively?

(1) 5, 39

(2) 22, 22

(3) 10, 34

(4) 20, 24

**96.** A speech community refers to a community which :

(1) speaks different dialects

(2) uses different languages

(3) speaks the same language

(4) connects by virtue of a link language

**97.** Pedagogical grammar is :

(1) learning of meanings through form

(2) learning of rules first and then the meanings of words

(3) learning of grammar in context through use

(4) learning of grammar through prose and poetry



Scanned by CamScanner

**98.** When learners have diverse linguistic backgrounds, the teacher should :

(1) form groups in accordance with their linguistic backgrounds

(2) ascertain their learning styles

(3) use multilingual approach

(4) start the class with brainstorming sessions

**99.** Which of the following ways is **not** appropriate for teaching a reading text?

(1) Teacher reads out and explains the text line-by-line.

(2) Learners are made into groups and asked to read by taking turns.

(3) Learners read individually and discuss with their friends the ideas of the text.

(4) Learners divide the text into small chunks and read.

**100.** Post-reading tasks are meant for :

(1) assessing the learning and connecting it to real-life situations

(2) giving the meaning of difficult words

(3) introducing the main idea of the text

(4) explaining the grammatical rules in the text

**101.** Intensive reading is aimed at helping the learners read a text for :

(1) improving study skills

(2) accuracy

(3) pleasure only

(4) information

**102.** Process writing approach could be described as :

(1) horizontal approach

(2) bottom-up approach

(3) top-down approach

(4) vertical approach

**103.** Abeera, an English teacher, describes a scene and asks the learners to draw what they have heard. This is a :

(1) picture story

(2) mutual dictation

(3) picture dictation

(4) picture composition

**104.** While teaching a 'One-Act Play', a tableau can be used as one of the teaching strategies. The tableau refers to :

(1) a monologue

(2) silent still image made by actors posing as characters

(3) some musical instrument

(4) dialogues between different actors

**105.** A teacher divides her class into pairs to exchange their notebooks and make corrections as per the direction of the teacher. What does she do?

(1) Group assessment

(2) Correction

(3) Assessment

(4) Peer assessment



Scanned by CamScanner

***Directions*** **:** Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **106** to **114**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

What we call Old Delhi is actually only about 350 years old, which is not terribly ancient, considering that the city was inhabited around 1000 to 800 BC. But it is a good place to look because Old Delhi has retained its character from the Mughal days. Most of what we call Old Delhi was built by the emperor Shah Jahan who, with characteristic modesty, called it Shahjahanabad. The city was built around 1640–1650 AD (so, by Delhi standards, it is actually young !) and remained the capital of the Mughal empire ever since.

India was one of the world's richest countries in that age, so the capital's commercial quarter was one of the most important trading and business centres in the East. The original Chandni Chowk was built around a canal of the Yamuna, which passed down the street, forming a pool that reflected the moonlight and gave the area its name.

The business of Chandni Chowk was business only. Some people say that it was the ruthless reprisals from the British after the 1857 Mutiny/War of Independence that destroyed the peaceful character of Chandni Chowk; as did the looting that was the hallmark of the East India Company's soldiers. Others say that the rot set in after New Delhi was created in the 20th century.

Either way, Chandni Chowk is a mess now. It is overcrowded, parts of it are dirty and its wonderful historical mansions are now in disrepair. In an era when the world's great squares have become landmarks, why should Chandni Chowk become a slum?

**106.** Study the following statements :

A. A canal used to run through Chandni Chowk.

B. Business and trading was done on the banks of the canal.

C. People visited Chandni Chowk to view the moonlight reflected in the canal.

Which of the above statements are **true**?

(1) A, B and C

(2) A and B

(3) B and C

(4) A and C



Scanned by CamScanner

**107.** Shah Jahan named the new city of Delhi, Shahjahanabad. It shows his :

(1) love of art

(2) pride

(3) modesty

(4) character

**108.** By Delhi standards, Old Delhi is called young because :

(1) it was built around 1640–1650 AD

(2) it was an active business centre

(3) it was visited by young tourists

(4) it was inhabited around 1000–800 BC

**109.** During the Mughal period, Delhi was very prosperous because :

(1) it was built by Shah Jahan

(2) it was looted by East India Company's soldiers

(3) a lot of trade and commerce took place here

(4) it was ruled by the rich Mughals

**110.** East India Company's soldiers were :

(1) greedy but not cruel

(2) noble and brave

(3) cruel and greedy

(4) cruel but not greedy

**111.** "... a pool that reflected the moonlight ..."

Which part of speech is the underlined word?

(1) An interjection

(2) A pronoun

(3) An adjective

(4) A determiner

**112.** "... terribly ancient, considering that ..."

The underlined word is a/an :

(1) adverb

(2) noun

(3) participle

(4) verb

**113.** "Either way, Chandni Chowk is a mess now."

The word 'mess' means the same as :

(1) upset

(2) canteen

(3) snare

(4) confusion

**114.** "... a pool that reflected the moonlight ..."

The word opposite in meaning to 'reflected' is :

(1) discredited

(2) imitated

(3) claimed

(4) absorbed



Scanned by CamScanner

**Directions :** Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **115** to **120**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

I love the Brooks which down their channels fret,
Even more than when I tripped lightly as they;
The innocent brightness of a new-born Day
Is lovely yet;

The Clouds that gather round the setting sun
Do take a sober colouring from an eye
That hath kept watch o'er man's mortality;
Another race hath been, and other palms are won.

Thanks to the human heart by which we live,
Thanks to its tenderness, its joys, and fears,
To me the meanest flower that blows can give
Thoughts that do often lie too deep for tears.

**115.** The poet loves the brooks :

(1) because he too can run briskly like them

(2) because they flow between their banks

(3) now more than when he was young

(4) as they are overflowing their banks

**116.** The clouds around the setting sun make the poet :

(1) sad

(2) thoughtful

(3) happy

(4) curious

**117.** During his lifetime, the poet has thought about :

(1) love in human heart

(2) the rat race of man

(3) the dawn of the new day

(4) mortal nature of man

**118.** Today the poet is thankful for :

A. the human heart which is full of joys and sorrows

B. the beauty of the meanest flower

C. the palms won by him in the race of life

Which of the above are **true**?

(1) A, B and C

(2) A and B

(3) B and C

(4) A and C

**119.** The figure of speech used in line 1 is :

(1) irony

(2) a simile

(3) a metaphor

(4) personification

**120.** "The innocent brightness ..." is an example of :

(1) irony

(2) metonymy

(3) synecdoche

(4) transferred epithet



Scanned by CamScanner

## भाग—IV

## भाषा—I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग—IV (प्र० सं० 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा—I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **91** से **105**) के **सही/सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

**91.** सरसरी तौर पर किसी पाठ को देखकर उसकी विषयवस्तु का पता कर लेना :

(1) पढ़ने की कुशलता का अंतिम पड़ाव है

(2) पढ़ने की निम्न स्थिति को दर्शाता है

(3) पढ़ने की एक महत्त्वपूर्ण कुशलता है

(4) पढ़कर समझने का पहला प्रयास है

**92.** बच्चों के बोलना सीखने के संदर्भ में कौन-सा कथन **सही** है?

(1) अपनी भाषा से इतर भाषाओं को सुनने के लिए मना करना चाहिए।

(2) सभी बच्चों की बोलना एवं सुनना सीखने की गति समान होती है।

(3) बच्चों को प्रारंभ से ही शुद्ध उच्चारण के प्रति सचेत रहना चाहिए।

(4) बच्चों को सुनने और बोलने के अधिक-से-अधिक अवसर देने चाहिए।

**93.** भोजपुरीभाषी मोना 'श' को 'स' और 'र' को 'ड़' बोलती है। इसका सर्वाधिक संभावित कारण है :

(1) उच्चारणगत त्रुटि

(2) मातृभाषा से प्रेम

(3) हिन्दी भाषा की कठिनता

(4) मातृभाषा का व्याघात

**94.** कक्षा III की शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तक से इतर भिन्न-भिन्न प्रकार के बाल-साहित्य पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, क्योंकि वह चाहती है कि बच्चे :

(1) तरह-तरह की विधाओं से परिचित हो सकें

(2) विभिन्न बाल-साहित्यकारों के नाम जान सकें

(3) अपनी पठन-क्षमता बढ़ा सकें

(4) बाल-साहित्य के प्रकाशकों के बारे में जान सकें

**95.** उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरणिक पक्षों, शब्दों की बारीकियों के आकलन के संदर्भ में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है :

(1) शब्दकोशीय शब्द-संपदा का ज्ञान

(2) परिभाषाओं को जानना

(3) संदर्भ में व्याकरण समझना

(4) पाठ्य-पुस्तकीय व्याकरण के नियम जानना

**96.** आपने अपने विद्यार्थियों को एक प्रश्न दिया है— ''घर से विद्यालय आने तक आप रास्ते में जो-जो चीज़ें देखते हैं, उन्हें लिखें।'' आपकी कक्षा में एक विद्यार्थी दृष्टि-बाधित है। आप :

(1) स्वयं प्रश्न का उत्तर लिखकर देंगी

(2) उसे इस प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए मना करेंगी

(3) उसे कहेंगी कि अपने सहपाठी से पूछकर लिख लो

(4) प्रश्न में उस बच्चे की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन करेंगी



Scanned by CamScanner

**97.** उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषाई क्षमताओं का आकलन करने के लिए सर्वाधिक उपयोगी है :

(1) पाठ के व्याकरण की जाँच-परख करना

(2) पाठांत प्रश्नों के उत्तर लिखवाना

(3) पाठ की विषयवस्तु को लिखवाना

(4) पाठ में आई कहानी को आगे बढ़वाना

**98.** "बच्चे अपने चारों ओर लिखित सामग्री का जितना उपयोग होते देखेंगे उतनी ही लिखित भाषा के प्रति उनकी समझ सहज रूप से बनती चली जाएगी।" उपर्युक्त कथन का निहितार्थ है :

(1) बच्चों को अपने इर्द-गिर्द विज्ञापन, होर्डिंग्स, कैलेंडर, बाल-साहित्य, सूचियाँ आदि देखने-पढ़ने के अवसर मिलते रहने चाहिए

(2) बच्चों की पाठ्य-पुस्तकों में बहुत-से पाठ होने चाहिए

(3) बच्चों को गृहकार्य में लेखन-संबंधी कार्य ही देना चाहिए

(4) बच्चों को श्यामपट्ट पर लिखे हुए तथ्य अपनी कॉपी में लिखने के अधिकाधिक अवसर देने चाहिए

**99.** 'भाषा अर्जन' के बारे में कौन-सा कथन **सही** है?

(1) यह परिवार में ही होता है।

(2) यह सहज होता है।

(3) यह कठिन होता है।

(4) यह विद्यालय में ही होता है।

**100.** निम्नलिखित में से किस स्थिति में आप कहेंगे कि 'पठन' हो रहा है?

(1) उचित गति एवं प्रवाह

(2) अनुमान के साथ भाव ग्रहण

(3) प्रत्येक शब्द का सही उच्चारण

(4) ध्वनि का उतार-चढ़ाव

**101.** उच्च माध्यमिक स्तर पर हिन्दी भाषा की पाठ्य-पुस्तक में हिन्दीतर भाषाओं की रचनाओं को भी स्थान देने का मुख्य उद्देश्य है :

(1) अन्य भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्य से परिचित कराना

(2) अन्य भाषाओं के व्याकरण से परिचित कराना

(3) अन्य भाषाओं के रचनाकारों से परिचित कराना

(4) अन्य भाषाओं के साथ तुलना करना

**102.** बच्चों की सशक्त लेखन क्षमता का परिचायक है :

(1) आलंकारिक भाषा

(2) सुंदर लिखावट

(3) सशक्त वाक्य-विन्यास

(4) मौलिक विचार



Scanned by CamScanner

**103.** मुहावरे और लोकोक्तियाँ सीखने-सिखाने का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है :

(1) मुहावरे एवं लोकोक्तियों का निर्माण करना

(2) मुहावरे एवं लोकोक्तियों का सुचिंतित प्रयोग करना

(3) मुहावरे एवं लोकोक्तियों का अर्थ बताना

(4) कोश से मुहावरा एवं लोकोक्ति का अर्थ देखना

**104.** निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रश्न बच्चों की भाषागत रचनात्मकता का आकलन करने में सर्वाधिक रूप से उपयुक्त होंगे?

(1) बहुविकल्पीय प्रश्न

(2) मुक्त अंत वाले प्रश्न

(3) एक शब्द में उत्तर वाले प्रश्न

(4) 'सही कथन पर निशान लगाओ' वाले प्रश्न

**105.** तपस्या सातवीं कक्षा में विभिन्न संदर्भों में 'पृथ्वी', 'वसुधा' और 'भूमि' शब्दों के प्रयोगों की तरफ बच्चों का ध्यान आकर्षित करती है। ऐसा करने में उसका उद्देश्य है :

(1) भाषा का व्याकरणिक ज्ञान देना

(2) शब्द-भण्डार का विकास कराना

(3) हिन्दी की बारीकियाँ समझाना

(4) पर्यायवाची शब्दों की परिभाषा देना

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **106** से **114**) के **सही/सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

उत्तर भारत के संत कवि कबीर और दक्षिण भारत के संत कवि तिरुवल्लुवर के समय में लगभग दो हज़ार वर्ष का अंतराल है किंतु इन दोनों महाकवियों के जीवन में अद्भुत साम्य पाया जाता है। दोनों के माता-पिता ने जन्म देकर इन्हें त्याग दिया था, दोनों का लालन-पालन निस्संतान दंपतियों ने बड़े स्नेह और जतन से किया था। व्यवसाय से दोनों जुलाहे थे। दोनों ने सात्विक गृहस्थ जीवन की साधना की थी।

तिरुवल्लुवर का प्रामाणिक जीवन-वृत्तांत प्राप्त नहीं होता। प्रायः उन्हें चेन्नई के निकट मइलापुर गाँव का जुलाहा माना जाता है किंतु कुछ लोगों के अनुसार वे राजा एल्लाल के शासन में एक बड़े पदाधिकारी थे और उन्हें वैसा ही सम्मान प्राप्त था जैसा चंद्रगुप्त के शासनकाल में चाणक्य को। उनके बारे में अनेक दंतकथाएँ प्रचलित हैं। जैसे कहा जाता है कि एक संन्यासी नारी जाति से घृणा करता था। उसका विश्वास था कि स्त्रियाँ बुराई की जड़ हैं और उनके साथ ईश्वर-भक्ति हो ही नहीं सकती। तिरुवल्लुवर ने बड़े आदर से उसे अपने घर बुलाया। दो दिन उनके परिवार में रहकर संन्यासी के विचार ही बदल गए। उसने कहा, ''यदि तिरुवल्लुवर और उनकी पत्नी जैसी जोड़ी हो तो गृहस्थ जीवन ही श्रेष्ठ है।''

कबीर के दोहों की भाँति तिरुवल्लुवर ने भी छोटे छंद में कविता रची जिसे 'कुरल' कहा जाता है। कुरलों का संग्रह 'तिरुक्कुरल' उनका एकमात्र ग्रंथ है। तिरुक्कुरल को तमिल भाषा का वेद माना जाता है। इसका प्रत्येक कुरल एक सूक्ति है और ये सूक्तियाँ सभी धर्मों का सार हैं। संपूर्ण मानवजाति को शुभ के लिए प्रेरित करना ही इसका उद्देश्य प्रतीत होता है। जैसे धर्म के बारे में दो कुरलों का आशय है :

- भद्र पुरुषो! पवित्र मानव होना ही धर्म है। स्वच्छ मन वाले बनो और देखो तुम उन्नति के शिखर पर कहाँ-से-कहाँ पहुँच जाते हो।
- झूठ न बोलने के गुण को ग्रहण करो तो किसी अन्य धर्म की आवश्यकता ही न रहेगी।

**106.** यदि कबीर का समय पंद्रहवीं शताब्दी ईसवी है तो तिरुवल्लुवर का समय होगा :

(1) लगभग पहली सदी ईसवी
(2) लगभग 1500 वर्ष ई० पू०
(3) लगभग 1000 वर्ष ई० पू०
(4) लगभग 500 वर्ष ई० पू०



Scanned by CamScanner

**107.** तिरुवल्लुवर के अनुसार श्रेष्ठ धर्म है :

(1) किसी अन्य धर्म की आवश्यकता न रहना

(2) ईश्वर में आस्था होना

(3) मन से पवित्र होना

(4) मंदिरों में जाना

**108.** 'तमिल' किस देश-प्रदेश की भाषा है?

(1) कर्नाटक

(2) श्रीलंका

(3) तमिलनाडु

(4) केरल

**109.** जो संबंध चंद्रगुप्त का चाणक्य से था वही संबंध :

(1) तिरुवल्लुवर का एल्लाल से था

(2) चाणक्य का चंद्रगुप्त से था

(3) चंद्रगुप्त का एल्लाल से था

(4) एल्लाल का तिरुवल्लुवर से था

**110.** तिरुवल्लुवर और कबीर में साम्य के बिंदु हैं :

(क) जन्म के बाद माता-पिता के द्वारा त्याग देना

(ख) एक-से छंद में कविता करना

(ग) जुलाहे का व्यवसाय करना

(घ) नारी जाति से घृणा करना

**सही** विकल्प को चुनिए।

(1) (क) तथा (ख)

(2) (क), (ख) तथा (ग)

(3) (क), (ख) तथा (घ)

(4) (ख) तथा (ग)

**111.** नारी जाति से घृणा करने वाले संन्यासी के विचार तिरुवल्लुवर ने कैसे बदले?

(1) उसका स्वागत-सत्कार करके

(2) सुंदर उपदेश देकर

(3) अपनी रचनाएँ सुनाकर

(4) अपनी गृहस्थी का साक्षी बनाकर

**112.** 'ईश्वर-भक्ति' शब्द का विग्रह और समास होगा :

(1) ईश्वर की भक्ति करता हो जो—बहुव्रीहि

(2) ईश्वर और भक्ति—द्वंद्व

(3) ईश्वर की भक्ति—तत्पुरुष

(4) ईश्वर रूपी भक्ति—कर्मधारय

**113.** किसी धर्म की आवश्यकता कब **नहीं** रह जाती?

(1) ईश्वर की शरण माँग लेने पर

(2) नास्तिक हो जाने पर

(3) धर्म पर विश्वास न होने पर

(4) झूठ को त्याग देने पर

**114.** 'स्नेह' और 'जतन' शब्द क्रमशः हैं :

(1) आगत और तद्भव

(2) तत्सम और तद्भव

(3) तद्भव और देशज

(4) देशज और आगत



Scanned by CamScanner

निर्देश : नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **115** से **120**) के **सही/सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

माँ तुम्हारा ऋण बहुत है मैं अकिंचन
किंतु फिर भी कर रहा इतना निवेदन
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी
कर दया स्वीकार लेना वह समर्पण।

माँ मुझे बलिदान का वरदान दे दो
तोड़ता हूँ मोह का बंधन क्षमा दो
आज सीधे हाथ में तलवार दे दो
और बाएँ हाथ में ध्वज को थमा दो।

सुमन अर्पित चमन अर्पित
नीड़ का कण-कण समर्पित
चाहता हूँ, देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

**115.** 'माँ' संबोधन किसके लिए है?

(1) देवी दुर्गा के लिए

(2) जननी के लिए

(3) पृथ्वी के लिए

(4) मातृभूमि के लिए

**116.** कवि निवेदन कर रहा है कि :

(1) उस पर दया की जाए

(2) उसे ऋण चुकाने का अवसर मिले

(3) वह मूल्यवान थाल में माथा सजाकर लाए

(4) उसके जीवनदान को स्वीकार किया जाए

**117.** 'नीड़ का कण-कण समर्पित' कथन में 'नीड़' का आशय है :

(1) महल

(2) तिनके

(3) घर-परिवार

(4) झोंपड़ी

**118.** ''चाहता हूँ, देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ''— कथन में 'कुछ और' से तात्पर्य है कि कुछ ऐसा दिया जाए जो :

(1) थाल में दी जाने वाली भेंट से अच्छा हो

(2) ऋण चुकाने से बढ़कर हो

(3) बलिदान से भी बढ़कर हो

(4) ब्याज चुकाने से बेहतर हो

**119.** 'अकिंचन' का अर्थ है :

(1) अति निर्धन

(2) ऋणी

(3) बेसहारा

(4) परमदुखी

**120.** 'बलिदान' शब्द से बना विशेषण है :

(1) बलिदानी

(2) प्रबल दानी

(3) बलवान

(4) आत्मबलि



Scanned by CamScanner

# PART—V

## Language—II

### ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part—V (Q. Nos. 121 to 150)**, if they have opted **ENGLISH** as **Language—II** only.

***Directions* :** Answer the following questions (Q. Nos. **121** to **135**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

**121.** When children are introduced to English as a second language :

(1) they should read first

(2) they should begin with letters of alphabet

(3) they should be exposed to language orally

(4) they should begin writing first

**122.** Eclecticism in language teaching refers to using :

(1) all the methods to teach language

(2) appropriate strategies from various methods of teaching

(3) the best method of teaching

(4) technology to teach language

**123.** Which of the following approaches/ methods advocates linguistic competence and performance?

(1) Communicative approach

(2) Grammar-translation method

(3) Direct method

(4) Structural approach

**124.** Global listening is **not** listening :

(1) for specific information

(2) without being constrained by preset questions or tasks

(3) at different levels of comprehension

(4) for improving recognition of spoken text

**125.** Which of the following activities needs to be taken care of for helping non-native speakers to produce the sounds of the target language?

(1) Distinguishing the vowel from consonant sounds

(2) Imitating the way a native speaker produces sounds

(3) Ensuring that the words spoken are intelligible to others

(4) Maintaining the regional interference

**126.** The concept of transformative-generative grammar was given by :

(1) Bruner

(2) Ferdinand Saussure

(3) Noam Chomsky

(4) Piaget

**127.** Tail question also refers to :

(1) follow-up question

(2) question tag

(3) insignificant question

(4) most important question

**128.** A teacher of Class VII while teaching the poem, *The Solitary Reaper* by William Wordsworth asks children to find how the last words of each line sound. What is she trying to draw the attention of learners to?

(1) Theme of the poem

(2) Spelling of words

(3) Rhyme scheme

(4) Vocabulary



Scanned by CamScanner

**129.** To help the students overcome the problems of spelling mistakes, the teacher will use _____ as the teaching strategy.

(1) loud reading

(2) brainstorming

(3) pronunciation drill

(4) dictation

**130.** Grammar-translation method of teaching English heavily relies on :

(1) form-focussed teaching

(2) meaning-focussed teaching

(3) direct teaching as a strategy for learning

(4) language use as the main focus

**131.** Language proficiency refers to :

A. fluency

B. accuracy

C. appropriateness

D. efficiency

Which of the above are **true**?

(1) A, B and D

(2) A, B and C

(3) B, C and D

(4) A, C and D

**132.** Written description of a child's progress that a teacher keeps on a day-to-day basis is :

(1) rubric

(2) anecdotal record

(3) portfolio

(4) rating scale

**133.** A teacher of Class VI in a writing assessment task asked students to write on : "If I were famous for something ...". This is assessment of a/an _____ answer.

(1) narrative

(2) extrapolative

(3) factual

(4) descriptive

**134.** A good language textbook should :

A. contain learner-centred materials

B. contain teacher-friendly instruction and content-related materials

C. incorporate language skills throughout

D. have more syntactical items in its content

Which of the above are **true**?

(1) B, C and D

(2) A, B and C

(3) A, B and D

(4) A, C and D

**135.** Kavya notes down the errors committed by learners of the class and discusses them once in a fortnight. What is this practice known as?

(1) Providing feedback

(2) Evaluation

(3) Assessment

(4) Error correction



Scanned by CamScanner

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **136** to **143**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

"Although India has a tradition of women warriors, participation in the Salt Satyagraha was their first appearance in any modern militant political campaign and I could hardly suppress my excitement at the enormity of the occasion and my own good fortune to be amongst the first. As I attached my name to the pledge to devote myself to my country's freedom battle, my hand shook a little under my tumultuous emotions. It seemed such a stupendous moment in my life, in the life of the women of my country. I felt I was tracing not the letters of my name, but recording a historic event. There was not much time for thought, however. The next instant we were filing out, taking the road to the sea, marching with quick steps. Great sky-rending cries or 'Jai' filled the air. Heavy-scented flower garlands almost smothered us. From the balconies and roofs unseen hands showered rose-petals until the road became a carpet of flowers. Often our march was stopped and bright-eyed women sprinkled rose water from silver sprays, tipped our palms with sandalwood paste and perfume and blessed us waving lights round our heads and faces for good omen."

The long narrow strip of sand that borders the city like a white ribbon was transformed this morning into another sea—a sea of human faces that swayed and danced and bobbed about even as did the deep azure waves that rimmed the shore. The city seemed to have disgorged almost its entire population onto the sands. It was not the struggling batch of seven that was breaking the Salt Law, but hundreds and thousands now filling the water's edge. And still they kept coming, thousands of women amongst them, striding like proud warriors, gracefully balancing their pitchers of maroon-red earth and shimmering brass that scattered a thousand hues as the sunrays struck them. Even as I lit my little fire to boil the saltwater, I saw thousands of fires aflame dancing in the wind. The copper pans sizzled in laughter while their bosoms traced the white grains of salt as the heat lapped up the last drop of water.

**136.** Participation in the Salt Satyagraha evoked in the author a feeling of :

(1) ecstasy

(2) pride

(3) excitement

(4) fear

**137.** The author took a pledge to :

(1) launch a literacy campaign

(2) fight against social evils

(3) serve the poor people of India

(4) be part of India's freedom struggle



Scanned by CamScanner

**138.** The warm welcome given to the Satyagrahis showed :

(1) general resentment against British exploitation of the people

(2) that the Indian people turn every event into a joyous occasion

(3) the full support of the people for breaking the Salt Law

(4) people's hatred of the British

**139.** "A sea of human faces that swayed and danced" means :

(1) human faces resembling a sea

(2) people dancing while bathing

(3) people bathing and frolicking in the sea

(4) a large number of enthusiastic people

**140.** Women lighted their little fires on the seashore to :

(1) make tea and drink it to overcome their fatigue

(2) protect themselves from cold

(3) boil seawater to make salt

(4) express their anger against the British

**141.** The word which nearly means the same as 'stupendous' is :

(1) wonderful

(2) crucial

(3) significant

(4) influential

**142.** The word opposite in meaning to the word 'proud' as used in the passage is :

(1) gentle

(2) humble

(3) decent

(4) fawning

**143.** Which part of speech is the underlined word in the following sentence?

"I could <u>hardly</u> suppress my excitement."

(1) Pronoun

(2) Adverb

(3) Adjective

(4) Conjunction

***Directions*** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **144** to **150**) by selecting the **correct/most appropriate** options.

Where does all our garbage disappear once it leaves our homes? There are four methods of managing waste : recycling, landfilling, composting and burning. Each method has its strengths and weaknesses.

Recycling is the process of turning waste into new materials. For example, used paper can be turned into paperboard, which can be used to make book covers. Recycling can reduce pollution, save materials and lower energy use. Some argue that collecting, processing and converting waste uses more than it saves.

Landfilling is the oldest method of managing waste. Landfilling is to bury garbage in a hole. Over a period of time the process of landfilling has advanced. Garbage is compacted before it is thrown into the pit. In this way garbage can fit in each landfill. Large garbage bags are placed at the bottom of a landfill so that toxic garbage juice does not get into the groundwater. But in spite of the bags, landfills may pollute the underground water. Not to mention that all garbage stinks. Nobody wants to live next to a landfill.

As landfill space increases, interest in composting grows. Composting is when people pile up organic matter, such as food waste, and allow it to decompose. The product of this decomposition is compost. Compost can be added to the soil to make the soil richer and better for growing crops.



Scanned by CamScanner

One thing that is easier to do is burning garbage. There are two main ways to burn waste. The first is to harvest fuel from the waste. The second is to burn the waste directly; the heat from this burning process can boil water, which can power steam generators. Unfortunately, burning garbage pollutes the air.

**144.** Garbage recycling :

(1) uses more energy than it saves

(2) saves a lot of energy

(3) saves only a little energy

(4) wastes a lot of energy

**145.** Consider the following statements :

A. Landfilling does not allow water and air pollution.

B. Composting is better than landfilling.

Which of the above statements is/are **true**?

(1) Both A and B

(2) Only A

(3) Only B

(4) Neither A nor B

**146.** It is safe to dispose of garbage through :

(1) burning and landfilling

(2) recycling and burning

(3) composting and burning

(4) recycling and composting

**147.** Consider the following statements :

A. We do not use any energy in the process of composting.

B. Burning can be a source of energy.

Which of the above statements is/are **true**?

(1) Only B

(2) Both A and B

(3) Neither A nor B

(4) Only A

**148.** Compacting of garbage is done to :

(1) avoid soil pollution

(2) protect groundwater

(3) remove the stink

(4) save space

**149.** "... the process of turning waste ..."

The word 'turning' is a/an :

(1) participle

(2) noun

(3) verb

(4) adjective

**150.** "There are two main ways to burn waste."

The underlined word is a :

(1) gerund

(2) noun

(3) verb

(4) participle



Scanned by CamScanner

## भाग—V

## भाषा—II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग—V (प्र० सं० 121 से 150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा—II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **121** से **135**) के **सही/सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

**121.** भाषा-शिक्षण के संदर्भ में 'बहुभाषी कक्षा' से तात्पर्य है कक्षा में :

(1) कम-से-कम दो भाषाओं में शब्दकोश की आवश्यकता

(2) अधिकाधिक भाषाओं की पुस्तकों की उपलब्धता

(3) सभी बच्चों को अपनी-अपनी भाषा में बोलने के अवसरों की उपलब्धता

(4) भिन्न-भिन्न भाषाओं में कहानी-कविता के चार्ट आदि की उपलब्धता

**122.** व्याकरण के ज्ञान का मुख्य उद्देश्य है :

(1) भाषा-प्रयोग में अतिशुद्धतावादी होना

(2) व्याकरणिक बिन्दुओं की परिभाषा याद करना

(3) व्याकरणिक तत्त्वों की सूची बनाना

(4) भाषा-प्रयोग में व्याकरण का ध्यान रखना

**123.** अनुस्वार एवं अनुनासिक का प्रयोग करने संबंधी त्रुटियों को दूर किया जा सकता है :

(1) अनुस्वार वाले शब्दों की सूची बनवाकर

(2) स्वयं सही उच्चारण का आदर्श प्रस्तुत कर

(3) अनुनासिक के नियम बताकर

(4) छपी सामग्री से समृद्ध वातावरण देकर

**124.** शैक्षिक प्रक्रियाओं के मूल्यांकन के संदर्भ में आप किस कथन से सहमति प्रकट करेंगे?

(1) परीक्षा और फेल हो जाने का डर वास्तव में बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर काम करता है।

(2) बच्चों को पास-फेल करना वास्तव में व्यवस्थागत विफलताओं को बच्चों के सिर मढ़ना है।

(3) कक्षा 8 तक विद्यार्थियों को फेल नहीं करने के प्रावधान के कारण देश में शिक्षा का स्तर गिर रहा है।

(4) कक्षा 8 तक विद्यार्थियों को फेल न किए जाने के प्रावधान के कारण ही विद्यार्थी सीख नहीं पा रहे हैं।

**125.** उच्च प्राथमिक स्तर पर लेखन क्षमता का आकलन करते समय आप किस बिन्दु को सर्वाधिक महत्त्व देंगे?

(1) विचारों की मौलिकता

(2) वर्तनीगत शुद्धता

(3) तत्सम शब्दावली

(4) मिश्रित वाक्य-संरचना

**126.** सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के संदर्भ में आप किस कथन से सहमत हैं?

(1) बच्चों को किन्हीं अवधारणाओं को न सीखने के कारण फेल करके रोकना उचित ही है।

(2) जो बच्चे पिछली कक्षा की बातें नहीं सीख पाए हैं, वे अगली कक्षा में और पिछड़ जाएँगे अतः उन्हें उसी कक्षा में रोक देना चाहिए।

(3) जो बच्चे किसी कक्षा में सीख नहीं पाए हैं, उन्हें फेल करके रोकने से भी ज़रूरी नहीं कि वे सीख जाएँ।

(4) एक कक्षा में हम जो सीखते हैं उसके सभी अंश अगली कक्षा के लिए अनिवार्य बुनियाद होते हैं।



Scanned by CamScanner

**127.** कक्षा 8 के लिए पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते समय महत्त्वपूर्ण है :

(1) विधागत विविधता होना

(2) पाठों की संख्या सीमित होना

(3) सभी व्याकरणिक तत्त्वों का समावेश

(4) प्रसिद्ध लेखकों की रचनाएँ

**128.** पाठ्य-पुस्तक को आधार बनाकर पूछे जाने वाले प्रश्न :

(1) पाठ की विषयवस्तु का विस्तार करने वाले होने चाहिए

(2) पाठ में दिए गए तथ्यों पर ही आधारित होने चाहिए

(3) लिखावट को सुंदर बनाने में सहयोगी होने चाहिए

(4) स्मरण-शक्ति को समृद्ध करने वाले होने चाहिए

**129.** संदर्भ के अनुसार शब्दों के उपयुक्त चयन संबंधी त्रुटियों को दूर करने के लिए सर्वाधिक कारगर तरीका क्या है?

(1) विविध शब्दों का वाक्य-प्रयोग करवाना

(2) व्याकरण की विविध पुस्तकें पढ़ाना

(3) विविध शब्दों की सूची याद करवाना

(4) विविध भाषा-प्रयोग से परिचित कराना

**130.** श्यामला केवल उन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखती है जो उसने याद किए होते हैं। इसका कारण हो सकता है :

(1) उसकी विचार-प्रक्रिया अव्यवस्थित है

(2) उसकी स्मरण-शक्ति बहुत तेज़ है

(3) उसमें कल्पनाशीलता जैसे गुण का अभाव है

(4) उसकी कक्षा में सब ऐसा ही करते हैं

**131.** किस तरह के बच्चों को हिन्दी भाषा सीखने में अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा?

(1) जिनकी मातृभाषा सरल है

(2) जिनकी मातृभाषा हिन्दी से भिन्न है

(3) जिनकी मातृभाषा हिन्दी के समान है

(4) जिनकी मातृभाषा मानक हिन्दी नहीं है

**132.** बच्चों की भाषा क्षमता का आकलन करने की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा प्रश्न सर्वाधिक उपयोगी एवं सार्थक है?

(1) नीचे लिखे वाक्य को पढ़कर सुनाइए :
"मुझे कहानी सुनना अच्छा लगता है।"

(2) नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलिए :
तितली ; चूहा

(3) फेरीवालों की आवाज़ें सुनिए और किसी एक का कक्षा में अभिनय करके दिखाइए

(4) नीचे लिखे शब्दों को पढ़कर सुनाइए :
जंगल ; धरती



Scanned by CamScanner

**133.** सभी भाषाई कुशलताएँ :

(1) एक-दूसरे से बढ़कर हैं

(2) एक-दूसरे से अलग हैं

(3) एक-दूसरे को प्रभावित नहीं करतीं

(4) एक-दूसरे से संबद्ध हैं

**134.** भाषा का प्रमुख प्रकार्य है :

(1) प्रतिवेदन लेखन

(2) भाषण देना

(3) संप्रेषण करना

(4) लेखन दक्षता

**135.** पाठ्य-पुस्तक का नया पाठ आरंभ करने से पहले अध्यापक के लिए आवश्यक है कि वह :

(1) पाठ के मूल भाव पर बातचीत करे

(2) पाठ के कठिन शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखकर उनका अर्थ बताए

(3) पाठ के रचनाकार का परिचय लिखवाए

(4) पाठ से मिलने वाली सीख के बारे में बताए

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **136** से **143**) के **सही/सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।

मेरे मकान के आगे चौराहे पर ढाबे के आगे फुटपाथ पर खाना खाने वाले लोग बैठते हैं—रिक्शेवाले, मज़दूर, फेरीवाले, कबाड़ीवाले...। आना-जाना लगा ही रहता है। लोग कहते हैं—"आपको बुरा नहीं लगता? लोग सड़क पर गंदा फैला रहे हैं और आप इन्हें बरदाश्त कर रहे हैं? इनके कारण पूरे मोहल्ले की आबोहवा खराब हो रही है।"

मैं उनकी बातों को हलके में ही लेता हूँ। मुझे पता है कि यहाँ जो लोग जुटते हैं वे गरीब लोग होते हैं। अपने काम-धाम के बीच रोटी खाने चले आते हैं और खाकर चले जाते हैं। ये आमतौर पर बिहार से आए गरीब ईमानदार लोग हैं जो हमारे इस परिसर के स्थायी सदस्य हो गए हैं। ये उन अशिष्ट अमीरों से भिन्न हैं जो साधारण-सी बात पर भी हंगामा खड़ा कर देते हैं। लोगों के पास पैसा तो आ गया पर धनी होने का शऊर नहीं आया। अधजल गगरी छलकत जाए की तर्ज पर इनमें दिखावे की भावना उबाल खाती है।

असल में यह ढाबा हमें भी अपने माहौल से जोड़ता है। मैं लेखक हूँ तो क्या हुआ? गाँव के एक सामान्य घर से आया हुआ व्यक्ति हूँ। बचपन में गाँव-घरों की गरीबी देखी है और भोगी भी है। खेतों की मिट्टी में रमा हूँ, वह मुझमें रमी है। आज भी उस मिट्टी को झाड़झूड़ कर भले ही शहरी बनने की कोशिश करता हूँ, बन नहीं पाता। वह मिट्टी बाहर से चाहे न दिखाई दे, अपनी महक और रसमयता से वह मेरे भीतर बसी हुई है। इसीलिए मुझे मिट्टी से जुड़े ये तमाम लोग भाते हैं। इस दुनिया में कहा-सुनी होती है, हाथापाई भी हो जाती है लेकिन कोई किसी के प्रति गाँठ नहीं बाँधता। दूसरे-तीसरे ही दिन परस्पर हँसते-बतियाते और एक-दूसरे के दुख-दर्द में शामिल होते दिखाई पड़ते हैं। ये सभी कभी-न-कभी एक-दूसरे से लड़ चुके हैं लेकिन कभी इसकी प्रतीति नहीं होती कि ये लड़ चुके हैं। कल के गुस्से को अगले दिन धूल की तरह झाड़कर फेंक देते हैं।

**136.** लोग लेखक से क्यों पूछते हैं कि क्या आपको बुरा नहीं लगता?

(1) वे लोग आसपास गंदगी बिखेर देते हैं।

(2) वे लेखक से रुष्ट रहते हैं।

(3) उन्हें गरीबों से मेल-जोल पसंद नहीं।

(4) वे गंदे लोग हैं।

[ P.T.O



Scanned by CamScanner

**137.** लेखक लोगों की शिकायतों को हलके में लेता है, क्योंकि :

(1) शिकायत करना लोगों की आदत होती है

(2) वह किसी बात को गंभीरता से नहीं लेता

(3) लेखक उन्हें जानता-पहचानता है

(4) जुटने वाले लोग गरीब और ईमानदार हैं

**138.** साधारण बात पर भी हंगामा कौन खड़ा कर देते हैं?

(1) लेखक के परिचित लोग

(2) अशिष्ट रेहड़ी-पटरी वाले

(3) गाँव से आए गरीब मज़दूर

(4) अमीर किन्तु असभ्य लोग

**139.** प्रस्तुत गद्यांश साहित्य की किस विधा के अंतर्गत आएगा?

(1) कहानी

(2) जीवनी

(3) संस्मरण

(4) रेखाचित्र

**140.** 'गाँठ बाँधना' का अर्थ है :

(1) सँभालकर रखना

(2) गाँठ लगाना

(3) मन में रखना

(4) क्रोध करना

**141.** "इस दुनिया में कहा-सुनी होती है"—'इस दुनिया' का संकेत है :

(1) गाँव से शहर आ बसे गरीब

(2) शहर से गाँव आ बसे मज़दूरों की दुनिया

(3) लेखक को उकसाने वाला पड़ोस

(4) अमीर किंतु अशिष्ट लोग

**142.** 'अधजल गगरी छलकत जाए' किसके संदर्भ में कहा गया है?

(1) गाँव से शहर आकर कमाई करने वालों के लिए

(2) लेखक जैसे प्रबुद्धों के लिए

(3) अनपढ़ ग्रामीणों के लिए

(4) अमीर बन गए असभ्य लोगों के लिए

**143.** 'धूल की तरह झाड़कर फेंक देना' का आशय है :

(1) छोटों की उपेक्षा करना

(2) दूसरे को दे देना

(3) पूरी तरह भुला देना

(4) सफाई से रहना



Scanned by CamScanner

**निर्देश :** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **144** से **150**) के **सही/सबसे उचित** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

शिक्षा आज दुविधा के अजब दोराहे पर खड़ी है। एक रास्ता चकाचौंध का है, मृगतृष्णा का है। बाज़ार की मृगतृष्णा शिक्षार्थी को लोभ-लालच देकर अपनी तरफ दौड़ाते रहने को विवश करने को उतारू खड़ी है। बाज़ार के इन ललचाने वाले रास्तों पर आकर्षण है, चकाचौंध है और सम्मोहित कर देने वाले सपने हैं। दूसरी तरफ शिक्षा का साधना मार्ग है जो शांति दे सकता है, संतोष दे सकता है और हमारे आत्मतत्त्व को प्रबल करता हुआ विमल विवेक दे सकता है। निश्चित ही वह मार्ग श्रेयस्कर है, मगर अपनी ओर आकर्षित करने वाले बाज़ार का मार्ग प्रेयस्कर है। इस दोराहे पर खड़ा शिक्षार्थी बाज़ार को चुन लेता है। लाखों-करोड़ों लोग आज इसी रास्ते के लालच में आ गए हैं और शिक्षा के भँवरजाल में फँस गए हैं। बाज़ार की खूबी यही है कि वह फँसने का अहसास किसी को नहीं होने देता और मनुष्य लगातार फँसता चला जाता है। किसी को यह महसूस नहीं होता कि वह दलदल में है बल्कि महसूस यह होता है कि बाज़ार द्वारा दिए गए पैकेज के कारण वह सुखी है। अब यह अलग बात है कि सच्चा सुख क्या है? और सुख का भ्रम क्या है? ज़रूरत विचार करने की है। सवाल यह है कि बाज़ार विचार करने का भी अवकाश देता है या कि नहीं।

**144.** लेखक ने शिक्षा के संदर्भ में किस बात को महत्त्व दिया है?

(1) विवेक को

(2) शिक्षार्थी को

(3) बाज़ार को

(4) साधना को

**145.** "दूसरी तरफ शिक्षा का साधना मार्ग है"—तो पहली तरफ क्या है?

(1) दलदल में फँसे होने का अहसास

(2) दुविधा का दोराहा और भटकाव

(3) बाज़ार की चकाचौंध, सम्मोहन और सपने

(4) एक अच्छा पैकेज और सुख-शांति

**146.** निम्न में से कौन-सी विशेषता बाज़ार की **नहीं** है?

(1) बाज़ार लोगों को सुख-शांति देता है।

(2) बाज़ार लोगों को अपने आकर्षण से बाँधता है।

(3) बाज़ार एक दलदल की तरह है।

(4) बाज़ार सुखी होने का भ्रम पैदा करता है।

**147.** गद्यांश के अनुसार लोग बाज़ार को चुनते हैं, क्योंकि :

(1) लोग बाज़ार से प्रेम करते हैं

(2) सभी लोग लालची हैं

(3) बाज़ार में आकर्षण है

(4) लोगों के पास धन-संपत्ति की कमी है

**148.** गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि :

(1) लोग दूसरों को ठगने में आनंदित होते हैं

(2) भौतिकतावादी सोच हावी नहीं हो रही है

(3) भौतिकतावादी सोच हावी हो रही है

(4) लोग सांसारिक जीवन जीना पसंद करते हैं

**149.** 'आकर्षण' का विलोम शब्द है :

(1) विकर्षण

(2) गुरुत्वाकर्षण

(3) संघर्षण

(4) उत्कर्ष

**150.** 'मृगतृष्णा' का तात्पर्य है :

(1) किसी को फँसाने का षड्यंत्र

(2) हिरनों की प्यास का सामूहिक नाम

(3) दूर से ललचाने वाली वस्तु का भ्रम

(4) देर से लगी हुई प्यास का एहसास



Scanned by CamScanner

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ़ कार्य के लिए जगह



Scanned by CamScanner

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ़ कार्य के लिए जगह

★★★



Scanned by CamScanner

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर-पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **काले/नीले बॉलपॉइंट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर-पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर-पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर-पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाजिरी-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर-पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर-पत्र दिए बिना एवं हाजिरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाजिरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान हाजिरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर-पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर-पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Black/Blue Ballpoint Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the Examination Halls/Rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall/Room.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

SEAL



Scanned by CamScanner